


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आश्विन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - तृतीया, संवत 2079 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-8, अंक-31, 28 सितम्बर - 4 अक्टूबर, 2022 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## फर्जी पुलिस की वारदात!

सटीक




शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net


**हमेशा** से ही दुनिया भर में तरह-तरह की वारदात होती रहीं हैं और होती रहेंगी। क्यों होती रहेंगी? ये एक ऐसा मामला है जिसका कोई उत्तर किसी के पास नहीं है। ऐसा नहीं है कि इनकी रोकथाम के लिए कुछ उपाय नहीं किए जाते हैं, मगर वारदात हैं कि रुकने का नाम ही नहीं लेती। इन दिनों कई बार पुलिस की वर्दी में गुण्डे-बदमाश घरों में घुसकर अधिकांशतः दोपहर के समय जब कोई पुरुष घर में नहीं होते हैं, पुलिस इनक्वायरी के नाम पर घर में घुसकर महिलाओं से कागजात मांगते हैं और फिर वारदातों को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते हैं। जो कभी पकड़े जाते हैं और कभी नहीं। पिछले दिनों ऐसी कई खबरें अखबार एवं टीवी समाचारों में सुर्खियां बनी। आखिरकार इन वारदातों के आइडिये बदमाशों के दिमाग में आते कहां से हैं। क्या कोई इनके पीछे भी मास्टरमाइंड हैं। अगर हैं तो वे कौन लोग हैं, क्योंकि हाव-भाव और कार्यशैली को देखा जाए तो ये लोग हूबहू पुलिस की तरह ही अपना काम करते हैं। इतना ही नहीं, पिछले दिनों एक खबर देखी गई थी जिसमें रेलवे टिकट कलैक्टर द्वारा चैकिंग के दौरान रेलवे का पुलिस अधिकारी बना हुआ एक बदमाश धरा गया था। जो रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने वालों से पैसे ऐंठ रहा था और ए.सी. क्लास में सफर भी करता था। ये सब कैसे संभव हो रहा है। कहीं न कहीं हमारी सुरक्षा और जांच ऐजेंसी की कमजोरी है या फिर विभाग में से ही कोई पैसों के लालच में इनके पीछे सपोर्ट कर रहा होता है। वरना इतनी बड़ी वारदातें हमारे देश की सम्मानजनक वर्दी पहनकर कर सके, इतना आसान तो नहीं हो सकता। आखिर गलत काम करने वाले व्यक्ति के हाथ पांव तो कांपते ही होंगे। मगर जब पीछे कुछ सपोर्ट होता है तो किसी भी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इसलिए ऐसे अपराधियों की जड़ों तक पहुंचना बहुत जरूरी है वरना ये वारदातें होती रहेंगी और सब तमाशबीन होकर इन्हें भुगतते रहेंगे।


shivdayalmishra@gmail.com


### बैकफुट पर मुख्यमंत्री गहलोत! बोले...

# मैंने आलाकमान को कभी चुनौती नहीं दी

**जयपुर।** राजस्थान में सियासी बवाल पर पहली बार सोनिया गांधी और गहलोत की बात होने की खबर है। मीडिया में आई खबरों को मानें तो गहलोत का कहना है कि उन्होनें कभी भी आलाकमान को चुनौती नहीं दी है। उधर, मंगलवार को गहलोत समर्थक 20 विधायकों ने मुख्यमंत्री गहलोत से सीएमओ में मुलाकात की।

### विधायकों पर हो सकती है कार्रवाई

गहलोत समर्थक विधायकों के बर्ताव को अनुशासनहीनता माना जा रहा है। ये सभी पार्टी विधायक दल की बैठक में नहीं पहुंचे और उसी समय अलग बैठक की। मुश्किल अशोक गहलोत की भी बढ़ सकती है, क्योंकि कांग्रेस कार्य समिति के कुछ सदस्यों ने उनके खिलाफ पार्टी आलाकमान से शिकायत की है।



### सचिन पायलट पहुंचे दिल्ली

सचिन पायलट ने सोमवार को ये बयान दिया था कि वो अभी दिल्ली नहीं जा रहे हैं और जयपुर में ही हैं। आलाकमान के फैसले के बाद ही वो फैसला करेंगे। ऐसे में मंगलवार को पायलट के दिल्ली जाने से सियासी गलियारों में बहस तेज हो गई है। राजस्थान में नए मुख्यमंत्री को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। आलम यह है कि गहलोत गुट के नेता ने अजय माकन पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कांग्रेस अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एंटोनी को दिल्ली बुलाया

कांग्रेस अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एके एंटोनी को दिल्ली बुलाया गया है। एंटोनी आज रात 10 बजे तक दिल्ली पहुंच रहे हैं। एंटोनी आज देर रात या कल सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। राजस्थान के घटनाक्र म को देखते हुए एंटोनी को बुलाना काफी अहम माना जा रहा है। एंटोनी को अजय माकन की रिपोर्ट पर एक्शन लेने के लिए कहा जा सकता है।


विनायक ज्वैलर्स

Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery

22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी

18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी

970 — Silver Utensiles

Certified — राशि रत्न

BIS 100% Hall Marked Jewellery

G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur

0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451






QSI Reliable, Professional & Genuine ISO Certification

Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc

Services since 2001

ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC

CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards ISO 4427 Assistance & Certifications

HBO Oxygen Treatment

Franchise Available

SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare

-: Contact :-

R. C. Agrawal, Director

Call. 9829017133, 0141- 2236895

QSI (India) Certifications P.L.

SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39

Email: qsicert@gmail.com

www.qsi-india.com

ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC




# अब पेट्स बेचने के लिए लेनी होगा वेटरनरी डॉक्टर से सर्टिफिकेट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पेट्स शॉप ऑनर को अब पेट्स बेचने के लिए सर्टिफाइड वेटरनरी डॉक्टर की अनुमति लेना जरूरी होगा। यदि वह ऐसा नहीं करते तो पेट्स बेचना उनके लिए संभव नहीं होगा। दरअसल राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड पशु क्रूरता निवारण एक्ट 2018 को पेट्स शॉप मालिकों पर सख्ती से लागू करने जा रही है। बोर्ड के अध्यक्ष केसी विश्नोई के मुताबिक देखने में आ रहा है राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में पेट्स शॉप का संचालन नियमों के मुताबिक नहीं हो रहा। ना शॉप का रजिस्ट्रेशन है और ना ही



इन शॉप्स में पेट्स को सुविधाएं दी जा रही है। ऐसे में बोर्ड पशु क्रूरता निवारण एक्ट को सख्ती से लागू करने का मानस बना रहा है। जिसके तहत पेट्स शॉप ऑनर अब केवल स्थाई रूप से बनी हुइ शॉप से ही पेट्स शॉप का संचालन कर सकेंगे। सडक़ पर या अस्थाई शॉप से पेट्स बेचने क अनुमति नहीं दी जाएग। अगर कोई पालतु पशु बीमार है तो उसकी खरीद बिकी नहीं की जा सकेगी।

पेट्स शॉप ऑनर अब शॉप में गर्भवती मादा पशुओं, प्रसूताओं, नवजात शिशु पशुओं के साथ ऐसे पेट्स जो किसी दुर्घटना का शिकार हो गए है या उनके शरीर में किसी भी प्रकार की चोट लगी है उसे बेचने के लिए नहीं कर सकेंगे। जरूरी होगा कि एक रजिस्टर्ड वेटरनरी डॉक्टर से स्वस्थ घोषित पेट्स ही वह बेच सकेंगें।

### यूं जरूरी है

» पेट्स शॉप में किसी भी इमरजेंसी से निपटने के लिए वेटरनरी डॉक्टर का नाम, पता और कॉन्टेक्ट नंबर होने जरूरी होंगे।

» शॉप में पेट्स को उनकी प्रजाति, आयुवर्ग, साइज, ***** के आधार पर अलग अलग समूहों में रखना जरूरी होगा। उनके लिए शॉप में उचित आवास व्यवस्था के साथ टैम्परेचर, लाइट, पानी, साफ सफाई और वेंटिलेशन की व्यवस्था करनी होगी।

» पेट्स शॉप में यदि रात के समय भी पेट्स को रखा जाता है जो उनकी देखभाल के लिए एक टेंरड स्टाफ का होना जरूरी होगा।

» शॉप में पेट्स के लिए निर्धारित कम्पार्टमेंट में बेचने के लिए अन्य वस्तुओं का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। पालतू पशु दुकान में पेट्स ग्रूमिंग का काम अवैध है। अगर पेट्स शॉप ऑनर ऐसा करते हैं तो इसके लिए उन्हें रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट लेना जरूरी होगा।

» पेट्स शॉप पर एक कम्पार्टमेंट में शत्रु प्रजाति के पशुओं को साथ-साथ नहीं रखा जा सकेगा।

» पेट्स शॉप मालिक अब अवयस्क व्यक्तियों को पेट्स नहीं बेच सकेंगे।

» पेट्स शॉप मालिक के लिए जरूरी होगा कि वह अपनी शॉप में बेचे जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के पशुओं की संख्या और उनकी कीमतों को भी डिस्प्ले करें।

» हर पेट्स के बेचने पर उसकी रसीद खरीदने वाले व्यक्ति को देना जरूरी होगा और रसीद की एक कॉपी सुरक्षित रखनी भी जरूरी होगी।

» पेट्स शॉप ऑनर के लिए यह भी जरूरी होगा कि वह बेचे गए पेट्स को करवाए गए वैक्सीनेशन, कृमि रोधी दवाई संबंधित पूरा रिकॉर्ड पेट्स ऑनर को उपलब्ध करवाए, जिससे जिस पेट्स को वह खरीद रहा है उसकी पूरी जानकारी उसे मिल सके।

» पेट्स शॉप ऑनर केवल रजिस्टर्ड डॉग ब्रीडर से पैदा होने वाले डॉग्स को ही बेच सकेंगे।

» यदि कोई ऐसा पेट्स है जो पेट्स शॉप पर नहीं बिक पा रहा तो जरूरी होगी कि शॉप ऑनर उसका उचित पुनर्वास करे।

» क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी की ओर से समय-समय पर पेट्स शॉप निरीक्षण किया जाएगा और ऑनर के लिए जरूरी होगा कि वह उन्हें निरीक्षण करने दें।

» यदि पशु क्रूरता के किसी प्रकरण में पेट्स शॉप ऑनर को लिप्त पाया जाता है तो वह शॉप का संचालन नहीं कर सकेगा।

## जागरूक खबरें

### ■ पुरी-गंगासागर के लिए चलेगी तीर्थयात्रा स्पेशल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेलवे पुरी-गंगासागर के लिए तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन संचालित करेगा। यह ट्रेन बीकानेर से रवाना हो जयपुर, भरतपुर होते हुए संचालित होगी। इस संबंध में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आइआरसीटीसी) के संयुक्त महाप्रबंधक (पर्यटन) योगेंद्र गुर्जर ने बताया कि आइआरसीटीसी की ओर से संचालित होने वाली यह ट्रेन 11 नवंबर को बीकानेर से रवाना होगी। टिकट बुकिंग सुविधा आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है।

### ■ हवा सड़क एलिवेटेड को स्वीकृति का इंतजार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** तीन वर्ष देरी से हवासडक़ एलिवेटेड रोड काम पूरा हुआ है। जेडीए ने उद्घाटन के लिए फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय में भेज दी है। लेकिन, अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। एलिवेटेड रोड के उद्घाटन के अलावा करीब 6 प्रोजेक्ट के शिलान्यास भी होने हैं।

### ■ शिक्षक धरना 7 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के शिक्षकों का धरना अब सात अक्टूबर को होगा। पहले यह धरना 29 सितंबर को प्रस्तावित था। लेकिन, विभाग के शैक्षिक सम्मेलन की तिथि में संशोधन करने और उसके बाद ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता होने के कारण अब 7 अक्टूबर को शिक्षा संकुल में धरना दिया जाएगा। धरना सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक चलेगा। इस दौरान सीएम गहलोत और मुख्य सचिव उषा शर्मा के नाम का ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

### ■ तीर्थराज पुष्कर का हो सर्वांगीण विकास

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखकर तीर्थराज पुष्कर के सर्वांगीण एवं समग्र विकास की मांग की है।

जांच रिपोर्ट के बाद सरकार का एक्शन

# जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या बर्खास्त

### 6 साल तक नहीं लड़ सकेंगी चुनाव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में सरकार में चल रहे सियासी भूचाल के बीच गहलोत सरकार ने भाजपा मेयर सौम्या गुर्जर को पद से बर्खास्त कर दिया है। न्यायिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 23 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने के बाद सरकार को कोर्ट ने 2 दिन तक कार्रवाई नहीं करने का समय दिया था।

सोमवार को छुट्टी के दिन सुप्रीम कोर्ट का दिया समय पूरा हो गया था, जिसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने पद से बर्खास्त करने का प्रस्ताव तैयार करके नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के पास भिजवाया था। मंत्री धारीवाल ने हस्ताक्षर करके प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंत्री से मिली मंजूरी के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी करते हुए मेयर को पद से बर्खास्त करते हुए उन्हें अगले 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य घोषित कर दिया है।

### हाईकोर्ट जाने का विकल्प



इधर जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के पास अब केवल हाईकोर्ट जाने का विकल्प बचा है। विधि विशेषज्ञ अशोक सिंह की माने तो सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश जारी किए है उसके तहत मेयर सौम्या गुर्जर न्यायिक जांच की रिपोर्ट को हाईकोर्ट में चैलेंज कर सकती है। उनके पास अब यही एक विकल्प है।

### ये है पूरा विवाद और यूं चला पूरा घटनाक्रम

» 4 जून 2021 को जयपुर नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में मेयर सौम्या गुर्जर, तत्कालीन कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव और अन्य पार्षदों के बीच एक बैठक में विवाद हुई। कमिश्नर से पार्षदों और मेयर की हॉट-टॉक हो गई। कमिश्नर बैठक को बीच में छोड़कर जाने लगे।

» इस दौरान पार्षदों ने उन्हें गेट पर रोक दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। कमिश्नर ने पार्षदों पर मारपीट और धक्का-मुक्की करने का तीनों पार्षदों पर आरोप लगाते हुए सरकार को लिखित में शिकायत की और ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

» 5 जून को सरकार ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए मेयर सौम्या गुर्जर और पार्षद पारस जैन, अजय सिंह, शंकर शर्मा के खिलाफ मिली शिकायत की जांच स्वायत्त शासन निदेशालय की क्षेत्रिय निदेशक को सौंप दी।

» 6 जून को जांच रिपोर्ट में चारों को दोषी मानते हुए सरकार ने सभी (मेयर और तीनों पार्षदों को) पद से निलंबित कर दिया। इसी दिन सरकार ने इन सभी के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करवा दी।

» 7 जून को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए पार्षद शील धाबाई को कार्यवाहक मेयर बना दिया।

» सरकार के निलंबन के फैसले को मेयर सौम्या गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन 28 जून को हाईकोर्ट ने मेयर को निलंबन आदेश पर स्टे देने से मना कर दिया।

» जुलाई में सौम्या गुर्जर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर न्यायिक जांच रूकरवाने और निलंबन आदेश पर स्टे की मांग की।

» 1 फरवरी 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने निलंबन ऑर्डर को स्टे दे दिया, जिसके बाद 2 फरवरी को सौम्या गुर्जर ने वापस मेयर की कुर्सी संभाली थी।

» 11 अगस्त 2022 को सौम्या और 3 अन्य पार्षदों के खिलाफ न्यायिक जांच की रिपोर्ट आई, जिसमें सभी को दोषी माना गया।

» 22 अगस्त को सरकार ने वार्ड 72 से भाजपा के पार्षद पारस जैन, वार्ड 39 से अजय सिंह और वार्ड 103 से निर्दलीय शंकर शर्मा की सदस्यता को खत्म कर दिया है। इन पार्षदों को भी सरकार ने इसी न्यायिक जांच के आधार पर पद से हटाया है।

» इसके बाद सरकार ने 23 सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर न्यायिक जांच की रिपोर्ट पेश की और मामले की जल्द सुनवाई की मांग की।

» 23 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सरकार को कार्यवाही के लिए स्वतंत्र करते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया।

# लगने लगा डेंगू का डंक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** इस बार बरसात के लंबे दौर के बाद अब डेंगू का डंक कहर बरपा रहा है। चिंता की बात यह है कि इस बार यह बीमारी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रफ्तार से बढ़ रही है। जयपुर जिले में गत वर्ष इस समय तक करीब 1 हजार मरीज थे, जो इस वर्ष 1200 तक पहुंच चुके हैं। गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में इस साल करीब 5 हजार मरीज सामने आ चुके हैं, जो सरकारी आंकड़ों से करीब चार गुना अधिक है। प्रदेश में यह आंकड़ा दस हजार माना जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार हाल ही बारिश का एक दौर पूरा हुआ है और सामान्यतः बारिश ठहरने के अगले एक से दो सप्ताह के दौरान डेंगू का डंक बढ़ने की आशंका रहती है। ऐसे में अब अगले पंद्रह दिन इस बीमारी के लिहाज से चिंताजनक हो सकते हैं। चिकित्सकों ने इस दौरान सतर्क रहने को कहा है। चिकित्सकों के अनुसार इस बार अधिक बारिश होने के कारण डेंगू का खतरा भी अधिक है। इसके अलावा मौसम में बदलाव से जुड़ी बीमारियां सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। इसके कारण ब्लड बैंको में प्लेटलेट की मांग भी बढ़ गई है। सिंगल डोनर प्लेटलेट (एसडीपी) की अधिक किल्लत है। इसमें मरीजों के लिए हाथों हाथ रक्तदाता की व्यवस्था में भी परेशानी आ रही है। जानकारी के मुताबिक इस समय जयपुर के ब्लड बैंकों में ही रोजाना करीब 150 से 200 यूनिट प्लेटलेट्स की मांग आ रही है। राज्य में इस बार टूटी सड़कों और उनमें जमा हुए बरसाती पानी से भी मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा है।

### हर जिले में टीम एक्शन में

**मौसमी** बीमारियों पर नियंत्रण के लिए हर जिले में टीमें कार्य कर रही हैं। सरकार के पास जिन मरीजों की सूचना आती है, उनको आंकड़ों में दर्ज किया जाता है।

**-डॉ रविप्रकाश शर्मा,** अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य

### डॉ. मित्तल को लाइफ टाइम उत्कृष्ट योगदान अवार्ड

**जयपुर @ जागरूक जनता।** चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान के निदेशक डॉ. रमेश मित्तल को लाइफ टाइम उत्कृष्ट योगदान अवार्ड से सम्मानित किया है। कौशल, उद्यमिता और व्यवसाय विकास के लिए किए गए कार्यो को देखते हुए क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया ने यह सम्मान दिया है। डॉ. मित्तल के मार्गदर्शन में CCS NIAM में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और स्किल डेवलपमेंट चलाया जा रहा है जिसके वो चेयरपर्सन भी हैं। इस सेंटर के अंतर्गत जहां एक ओर NIAM विभिन्न राज्य सरकारों और विभागों के लिए कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स कर रहा है, तो वहीं दूसरी ओर इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इन्क्यूबेशन प्रोग्राम चला रहा है।

फर्जीवाड़े पर शिकंजा

# 5+ वालों का नया आधार दिसंबर से चुनिंदा केंद्रों पर ही बनेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आधार नंबर नामांकन प्रक्रिया को मजबूत करने और फर्जी आधार कार्ड बनाने से रोकने के लिए अब 5 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का नया आधार नामांकन 1 दिसंबर 2022 से प्रदेश के कुछ चुनिंदा केंद्रों पर ही किया जाएगा। इन सेंटरों के अलावा नया नामांकन सॉफ्टवेयर स्वीकार ही नहीं करेगा। जिले में आधार संबंधी मामलों की निगरानी के लिए जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति का गठन होगा। सभी जिलों के कलेक्टरों को यह सूचना भेजी गई है। गलत तरीके से नया नामांकन करने पर आधार केंद्र को बंद कर कड़ी कानूनी कारवाई करने का प्रावधान है। इधर सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाया जा रहा है कि अब 30 सितंबर तक ही आधार कार्ड बनेगा, इसके बाद प्रतिबंध लग जाएगा, जो गलत है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया फैसला

**पहचान** के प्रमाण के रूप में आधार के महत्व को देखते हुए, किसी भी धोखाधड़ी नामांकन गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए इसे लागू किया जा रहा है। किसी भी अवैध निवासी को आधार बनाने की संभावना को कम करने के लिए, नए आधार नामांकन को कुछ केंद्रों तक सीमित कर दिया जाएगा। देशभर में यूआईडीएआई के आंकड़ों के अनुसार 134 करोड़ से अधिक आधार नंबर जारी हो चुके हैं। यह कुल जनसंख्या का 93% है और लगभग 100% वयस्क आबादी को कवर कर रहा है। अब मुख्य रूप से 0-5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए नए नामांकन की जरूरत है। इसके बावजूद 18 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों का नामांकन जारी है।




### इन केंद्रों को किया प्रतिबंध

5 वर्ष से अधिक आयु के लिए जिला स्तर के आधार केंद्र, भारतीय डाक द्वारा संचालित आधार केंद्र, ब्लॉक स्तर पर, राज्य सरकार के रजिस्ट्रार द्वारा संचालित नामित आधार केंद्र पर प्रतिबंधित किया जाएगा। सरकार इनमें से ही कुछ केंद्रों को स्वीकृति देगी।

### जल्द चुने जाएंगे आधार केंद्र

सभी आयु वर्ग के आधार पूर्व की भांति बनते रहेंगे। दिसंबर से चुनिंदा केंद्रों पर ही आधार बनेंगे, इसके सेंटर जल्द चुने जाएंगे। भ्रम फैलाया जा रहा है कि 30 सितंबर के बाद से आधार नहीं बनेगा, जो गलत है।

**- विवेक कुमार,** ओएसडी यूआईडी आधार

### 8.10 करोड़ है प्रदेश की अनुमानित जनसंख्या

7,53,30,000 आधार कार्ड बन चुके हैं प्रदेश में। वर्तमान में 8.10 करोड़ अनुमानित जनसंख्या है। अब भी 67 लाख लोगों के आधार नामांकन बाकी है। इनमें 0 से 5 वर्ष आयु के बालक भी शामिल हैं। प्रदेश में 5500 केंद्र हैं, इनमें से 3200 सरकार के हैं।

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## त्योहारी सीजन में जयपुर से रोजाना रद्द हो रही चार से पांच उड़ान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एयरपोर्ट पर रोजाना ऐनवक्त पर चार से पांच उड़ाने रद्द होने से यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। दरअसल कोरोना की पहली और दूसरी लहर के बाद एक बार फिर से जयपुर एयरपोर्ट पर यात्रीभार में तेजी से गिरावट दर्ज हो रही है। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार हवाई शेड्यूल में इस बार 65 उड़ान घरेलू और पांच उड़ानें अंतरराष्ट्रीय शामिल की गई थी। इनमें से एयरलाइंस कंपनियों ने 55 फ्लाइट का संचालन शुरू किया था, लेकिन अब मात्र 46 उड़ानें ही संचालित हो रही हैं। यात्रीभार की बात करें तो वह भी महज 10 से 11 हजार के बीच ही रह गया है जबकि अप्रेल माह में यह 15 हजार के करीब पहुंच गया था। उड़ान के संचालन की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसमें सुधार नहीं होता दिख रहा। हालांकि अगले महीने से विंटर शेडयूल लागू होगा।

### उड़ान हो रही रद्द

**जयपुर** से धर्मशाला, गोवा, देहरादून, अमृतसर, वाराणसी, चंडीगढ़ जाने वाली उड़ान आए दिन रद्द हो रही हैं। इससे यात्री परेशान हैं। कई बार तो यात्री एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं, तब तक उनके पास फ्लाइट के कैंसल होने की सूचना नहीं होती है।

### यह बता रहे कारण

**एयरलाइंस** कंपनियां ऑपरेशनल कारण बताकर उड़ान रद्द कर रही हैं। ऐसा ज्यादातर कम यात्रीभार की वजह से हो रहा है। अब हवाई किराए में धीरे-धीरे आगामी दिनों में कमी से यात्रियों की संख्या बढने की उम्मीद है।

### ऑफर भी महंगा साबित

**ऐनवक्त** पर फ्लाइट रद्द होने के बाद ज्यादा एयरलाइंस कंपनियों के द्वारा तुरंत यात्रा के वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए जाते हैं। एयरलाइन का आगामी दिनों में यात्रा का ऑफर भी उनके यात्रियों के लिए महंगा साबित हो रहा है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती है। यात्रा रदद करनी पडती है या महंगे टिकट बुक करने पड़ते है। रिफंड के लिए भी उन्हें सात से पंद्रह दिन तक लग जाते हैं।

ANCHOR होगी बसों की रियल टाइम ट्रैकिंग

# बसों में लगेंगे जीपीएस व पैनिक बटन, जारी होगा नोटिफिकेशन वीएलटीडी

### पहले चरण में बस और दूसरे चरण में अन्य वाहनों में भी लगाया जाएगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परिवहन विभाग राज्य में सार्वजनिक परिवहन के साधनों (बस, टैक्सी आदि) में जीपीएस व पैनिक बटन लगाने जा रहा है। वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) के तहत जीपीएस व पैनिक बटन लगाए जाने हैं। इसके लिए परिवहन विभाग ने वीएलटीडी निर्माता व रेट्रो फिटमेंट सेंटर्स के एम्पेनलमेंट व रजिस्ट्रेशन का ड्राफ्ट तैयार कर जनता से सुझाव मांगे हैं। सुझाव लिए जाने के बाद अंतिम नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद वीएलटीडी सिस्टम



लगाने वाली कम्पनियों से आवेदन मांगे जाएंगे। उन्हें वाहनों में वीएलटीडी लगाने के लिए अधिकृत किया जाएगा। निजी वाहन संचालक अधिकृत कम्पनियों से सिस्टम लगा सकेंगे। जानकारी के अनुसार वीएलटीडी सिस्टम लगाने की शुरुआत बसों से की जाएगी। पहले चरण में बसों में डिवाइस लगाए जाने के बाद दूसरे चरण में अन्य वाहनों में भी लगाया जाएगा। वीएलटीडी सिस्टम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने तीन वर्ष पहले ही आदेश दे दिए थे मगर राज्य में यह अब तक लागू नहीं हो पाया।वीएलटीडी लगने से बसों की रियल टाइम ट्रैकिंग हो सकेगी। यदि कोई बस तय रूट से इतर किसी अन्य मार्ग पर चलेगी तो विभाग जुर्माना वसूलेगा। इस सिस्टम से वाहन की स्पीड का भी पता लगाया जा सकेगा। वाहन के रूट के साथ ही ओवरस्पीडिंग पर भी लगाम लगेगी।

### एम्बुलेंस में लगाए लोकेशन ट्रैकर

वाहनों की मॉनिटरिंग के लिए परिवहन विभाग ने कोरोना काल में एम्बुलेंस में रियल टाइम लोकेशन ट्रेकर लगाए थे। इसके लिए विभाग ने पुलिस सर्वर की मदद ली। एम्बुलेंस में एएसआइ 140 मानक के लोकेशन ट्रेकर लगाए गए। अभियान चलाकर जिले की लगभग सभी एम्बुलेंस में इन्हें लगाया गया। मगर परिवहन विभाग अभी तक मॉनिटरिंग का सिस्टम विकसित नहीं कर पाया।



## जागरूक खबरें

### ■ अनुकम्पा नियुक्ति के 47 प्रकरणों में शिथिलता

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय कार्मिक की मृत्यु के उपरांत आश्रित द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन के 47 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से मृतक आश्रित परिवारों को संबल मिल सकेगा। गहलोत ने कार्मिक की मृत्यु उपरान्त निर्धारित अवधि निकलने के बाद बालिग होने के उपरांत 3 वर्ष तक की विलम्ब अवधि में शिथिलन के 17 प्रकरण, आवेदन में विलम्ब के 28 प्रकरण तथा अधिआयु सीमा में शिथिलन के 2 प्रकरणों में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए यह शिथिलता दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बीते करीब 3 साल में अनुकम्पा नियुक्ति के 1282 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान कर आवेदकों को राहत प्रदान की जा चुकी है। इस अवधि में 3702 मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियां भी दी गई हैं।

### ■ नवरात्रि के दौरान आमेर महल में बंद रहेगी हाथी सफारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर की शिला माता मंदिर में नवरात्रि के दौरान मेला भरता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पर्यटन विभाग ने आमेर महल में 25 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक हाथी की सवारी बंद करने का फैसला लिया है।आमेर महल अधीक्षक पंकज धीरेंद्र ने बताया कि शारदीय नवरात्र में हजारों की तादाद में श्रद्धालु आमेर स्थित शिला माता मंदिर के दर्शन करने पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ को देखते हुए हाथी सफारी को फिलहाल 12 दिनों के लिए बंद किया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके।इसके साथ ही पर्यटकों और दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसलिए आमेर महल में टिकट बुकिंग व्यवस्था दो स्थानों पर की गई है। जिसके तहत पर्यटक एंट्री बुकिंग के लिए सिंहपोल और त्रिपोलिया गेट पर व्यवस्था की गई है।

### ■ विशेष पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 40 करोड़ का अतिरिक्त बजट प्रावधान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देवनारायण योजना के तहत संचालित विशेष पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 40 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। योजनांतर्गत चालू वित्त वर्ष में पात्र विद्यार्थियों को 88 करोड़ रूपए से अधिक की छात्रवृत्तियां पहले ही दी जा चुकी हैं। गहलोत द्वारा योजना के लिए 40 करोड़ रूपए की अतिरिक्त स्वीकृति से विशेष पिछड़ा वर्ग के उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को फीस का पुनर्भरण एवं मेंटेनेंस भत्ता मिल सकेगा तथा उनके अभिभावकों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना होगी समाहित

# प्रदेश के 716 विद्यालय पीएम श्री योजना में बनेंगे मॉडल स्कूल

■ **नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल, आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान**

■ **1500 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पीएम श्री योजना अर्थात् प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत राजस्थान में 716 स्कूलों का विकास और उन्नयन किया जाएगा। यह सभी स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे और इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पूरी भावना समाहित होगी। प्रधानमंत्री द्वारा 5 सितम्बर 2022 को पीएम श्री योजना शुरू करने की घोषणा की गई। इस योजना के माध्यम से अपग्रेड किए गए स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा। इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेड किए गए स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक दिखाई देगी और ये अनुकरणीय स्कूलों की तरह कार्य करेगें। इसके अतिरिक्त अन्य स्कूलों का मार्गदर्शन भी करेगें।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक से दो विद्यालय चयनित किए जायेंगे। एक विद्यालय प्रारम्भिक शिक्षा व एक विद्यालय माध्यमिक शिक्षा का होगा। चयन प्रक्रिया त्रिस्तरीय होगी। यू-डाईस प्लस डाटा के आधार पर विद्यालयों का चयन होगा। निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले विद्यालय चयनित होगें। विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन चैलेंज पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जायेगा, पोर्टल 1 अक्टूबर 2022 से प्रारम्भ होगा। राज्य द्वारा इनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उक्त योजना 2022-23 से 2026-27 तक के लिये मंजूर हुई है तथा 5 वर्ष के लिए 27360 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान है। राजस्थान के लिए लगभग 1500 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर मुरारी लाल शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।



**राज्यपाल ने शारदीय नवरात्र में मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को मिर्जापुर जिले के विंध्याचल जाकर मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। राज्यपाल ने परिवारजनों के साथ पूजा-अर्चना कर विंध्यवासिनी माता से देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# राजफैड ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 2915 करोड़ की फसल खरीदी

**36885 मीट्रिक टन डीएपी एवं 49032 मीट्रिक टन यूरिया का किया अग्रिम भण्डारण**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं प्रशासक राजफैड श्रेया गुहा ने कहा कि राजफैड द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन 2021 में समर्थन मूल्य पर 1351.27 करोड एवं रबी सीजन 2022 में 1564 करोड रूपये की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। जिसमें 549.89 करोड़ रुपये का गेहूँ, 712.31 करोड़ रुपये के मूंग, उड़द एवं मूंगफली तथा चने की 1653.78 करोड़ रूपये की खरीद की गई। गुहा ने राजफैड की 66वीं वार्षिक साधारण सभा को वर्चुअल तरीके से संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत दलहन-तिलहन की खरीद का ऑनलाइन भुगतान किसानों के खातों में तीन दिवस में करने का प्रयास किया गया। जिसकी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं नेफेड अधिकारियों द्वारा सराहना की गयी। नेफेड द्वारा भी अन्य राज्य संघो को कहा है कि राजफैड द्वारा किसानों के भुगतान के लिए लागू की गई ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाये। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के केवीएसएस सहयोग से खरीफ 2021 में 876 क्रय केन्द्र एवं रबी 2021 में सरसों-चना हेतु 1566 क्रय केन्द्र स्थापित कर किसानों को उनके जिन्स का उचित लाभकारी मूल्य दिलवाया गया है। काश्तकारों को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराना और उनकी कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना हमारा पहला कर्तव्य है। इस वर्ष की बजट घोषणा के तहत अगस्त 2022 तक 36885 मीट्रिक टन डीएपी एवं 49032 मीट्रिक टन यूरिया का अग्रिम भण्डारण किया गया है। गुहा ने कहा कि राजफैड द्वारा पशुपालकों को उच्च गुणवत्ता का पशुआहार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष अप्रेल 2021 से अगस्त 2022 तक 11157 मीट्रिक टन पशुआहार का उत्पादन किया गया।

विधायकों के मल्टी स्टोरी फ्लैट्स की लीज राशि माफ

# हाउसिंग बोर्ड से आधी कीमत पर मिले मकानों पर नहीं देनी पड़ेगी लीज मनी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में विधायकों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। कोविड के समय आधी कीमतों पर जयपुर के मानसरोवर, प्रताप नगर एरिया में दिए मल्टी स्टोरी फ्लैट्स पर लगने वाली लीज राशि को माफ कर दिया है। नगरीय विकास विभाग ने पिछले दिनों आदेश जारी किए है और फ्री होल्ड लीज को अलॉर्टमेंट राशि में भी समायोजित करने के लिए हाउसिंग बोर्ड को निर्देश दिए है। विभाग की ओर से जारी आदेशों के बाद बोर्ड को इस पेटे (लीज मनी के) मिलने वाले 4 करोड़ रुपए अब सरकार अपनी जेब से देगी।

### 4 जगहों पर दिए फ्लैट्स

हाउसिंग बोर्ड ने साल 2020 और 2021 में जयपुर के मानसरोवर और प्रताप नगर में 187 विधायकों को फ्लैट्स आवंटित किए थे। इसमें सबसे ज्यादा फ्लैट्स मानसरोवर के अरावली अपार्टमेंट, द्वारका ट्विन्स और द्वारका रेजीडेंसी में है। इसके अलावा 4 विधायकों को प्रताप नगर स्थित एक योजना में 20 से लेकर 30 लाख रुपए की कीमतों में फ्लैट आवंटित किए गए थे। ये फ्लैट्स उस समय मौजूदा कीमत का 50 फीसदी दर पर दिए गए थे।

### पहले प्रस्ताव किया था डेफर

जानकारों की माने तो कुछ समय पहले मंत्रीमंडल की एम्पावर्ड कमेटी में लीज मनी माफ करने के प्रस्ताव को डेफर किया गया था। इसके बाद अब इसे दोबारा पास किया गया।

# जेपी कॉलोनी में सजेगा मां अम्बे का भव्य दरबार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित सेक्टर चार जेपी कॉलोनी में युवा जागृति सेवा समिति द्वारा में 37वीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के कमल गुप्ता ने बताया कि मां जगदम्बे का छह दिन दरबार सजेगा जिसमें अमरनाथ गुफा विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। संरक्षक मंडल सदस्य मालीराम टांक, धर्मपाल सिंह शेखावत, सनोद एवं संजीव गुप्ता के अनुसार षष्ठी को कलश यात्रा एवं मूर्ति स्थापना, सप्तमी को माता की मेंहदी, अष्टमी को एक हजार एक दीपकों से अम्बे मां की महाआरती एवं बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नवमी को हवन एवं कन्या पूजन तथा दशहरा को शोभायात्रा एवं मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम होगा। यतेन्द्र सिंह चौहान, केशव अरोड़ा, मुकेश शर्मा, हरिओम सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मां अम्बे के भक्तजनों से आव्हान किया है कि मां अम्बे के सजे दरबार में आकर दर्शन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।



# मुरलीपुरा स्कीम में सजा मां भगवती का दरबार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम में मुख्य सर्किल पर नाहरसिंह बाबा पार्क में मां भगवती का पांडाल सजाया गया है। कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल नामदेव ने बताया कि इस अवसर पर 9 दिन तक प्रातः एवं सायंकाल मां अम्बे की आरती की जाएगी। प्रतिदिन रात्रि जागरण एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में राजेश यादव, विकास अग्रवाल, जितेन्द्र सैनी, योगेश बेनीवाल एवं सुभाष मूर्तिवाला अपना सहयोग दे रहे हैं।

# फिल्म फेस्टिवल में मिला राज जाँगिड को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान रॉयलवुड फिल्म इण्डस्ट्रीज के दर्जनों हिंदी व राजस्थानी फिल्मों एवं धारावाहिक में अभिनय कर चुके प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राज जांगिड को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड दिया गया। जानकारी अनुसार राजस्थान के फिल्म अभिनेता राज जांगिड जो कि दर्जनों फिल्मों में अभिनय कर चुके है, उन्हें जुगल के नायक के लेखक निर्देशन में बनी फिल्म बाबुल थारी लाड़ली के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड आए हुए गेस्ट और भारतीय सिनेमा की फिल्मों के रि टिक कोमल नाहटा व फिल्मस्टार तुषार कपूर ने दिया। इससे पहले फेस्टिवल में ताण्डव फिल्म के लिए मुख्य खलनायक एवं माँ फिल्म के लिए मुख्य नायक की भूमिका के लिए अवार्ड मिल चुके है। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता राज जांगिड ने राजस्थान रॉयलवुड सिनेमा से जुड़े सभी साथियों का और आर एफ एफ की डायरेक्टर संजना शर्मा, अनिल जैन एवं मुम्बई से आए खास मेहमान कोमल नाहटा, तुषार कपूर, महिमा चौधरी एवं सुपर अभिनेता संजय मिश्रा, फिल्म "बाबुल थारी लाड़ली" के तमाम सहयोगियों एवं तमाम मीडिया, इस फिल्म को करने के लिए प्रेरित करने वालें गौभक्त, भामाशाह शंकर कुलरिया का भी आभार जताया।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

फिल्म 14 अक्टूबर को होगी रिलीज, स्टारकास्ट राजधानी में मीडिया से हुई रूबरू

# 'मोदी जी की बेटी' में आतंकवाद, जिहाद के साथ कॉमेडी का तड़का

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर में गुरुवार को बॉलीवुड फिल्म मोदी जी की बेटी के एक प्रमोशनल इवेंट में स्टाकास्ट मीडिया से मुखातिब हुई। यहां तिलक नगर, राजापार्क स्थित स्टाइल एन सीजर्स परिसर में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म की एक्ट्रेस, राइटर व प्रॉड्यूसर अवनि मोदी, एक्टर विक्रम कोचर, एक्टर तरुण खन्ना और डायरेक्टर एडी सिंह ने फिल्म संबंधी विचार व्यक्त किए। इससे पहले स्टाइल एन सीजर्स की ओनर रितु देसवाल ने तमाम स्टारकास्ट का फ्लोरल वेलकम किया। यह फिल्म 14 अक्टूबर को रिलीज होगी। एक्ट्रेस अवनि ने बताया कि यह फिल्म मोदी जी की बेटी एक लड़की की कहानी है जो पाकिस्तान जाकर भारत को गौरवान्वित करती है। वे खुद इस फिल्म में मुख्य किरदार में नजर आएंगी। इसमें मौजूदा राजनीति मसलों व हालातों का ताना-बाना बुना गया है, जो दिलचस्प ही नहीं रोमांचित करने वाला है।

### करारा जवाब देने का वक्त आ गया

फिल्म हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के तनाव और सोच को दर्शाती है। भारत हमेशा से ही पड़ोसी मुल्क के दोगलेपन रवैय को बर्दाश्त करता आया है। अब वक्त आ गया है कि उसका करारा जवाब दिया जाए ताकि वे दोबारा भारत से उलझने की हिम्मत जुटा न पाए। यह फिल्म रिमेक या बायोपिक जैसे पुराने कॉन्सेप्ट पर आधारित नहीं है। अब दर्शकों को इस फिल्म के जरिए नया नजरिया देखने को मिलेगा।

### संवाद जुबां पर चढ़ने वाले हैं

इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक मशहूर एड फिल्म डायरेक्टर एडी सिंह ने कहा किफिल्म के संवाद जुबान पर चढ़ने वाले हैं। एडी सिंह निर्देशित यह फिल्म मोदी जी की बेटी उनकी पहली फीचर फिल्म है।



### आतंकवाद और जिहाद जैसे मुद्दों को किया फोकस

एड क्रिएटिवस की इस फिल्म की कहानी में गंभीरता के साथ-साथ ढेर सारी कॉमेडी भी है। फिल्म में अवनि मोदी कैसे पाकिस्तान पहुंच जाती है। वहां कैसे पूरे पाकिस्तान पर भारी पड़ती है यह सब कुछ दिखाया गया है। इस फिल्म में आतंकवाद और जिहाद जैसे जटिल मुद्दों को भी फोकस किया गया है। इसमें काफी सारे ट्विस्ट और टर्न हैं, जो फिल्म को दिलचस्प मोड़ पर ले आते है। गौरतलब है कि अवनि मोदी इससे पहले काफी सारी तमिल और गुजराती फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। बॉलीवुड में उनकी डेब्यू फिल्म मधुर भंडारकर निर्देशित कैलेंडर गर्ल रहीं, जिसमें उनका काम सराहा गया।

### एक्टिंग की जुगलबंदी भी है काफी मजेदार

लोकप्रिय टीवी सीरीयल सुमित सम्भाल लेगा के एक्टर विक्रम कोचर ने बताया कि फिल्म में हिमाचल की खूबसूरत वादियां देखने को मिलेगी। इतना ही नहीं तीन एक्टर्स की एक्टिंग की जुगलबंदी भी काफी मजेदार है जो मुतास्सिर करेगी।

### नारी शक्ति संग देशभक्ति भी

एक्टर तरुण खन्ना ने कहा कि इस फिल्म में नारी शक्ति के साथ देशभक्ति की भावना भी देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि फिल्म में अवनि के साथ बेगमजान तथा टोटल धमाल फेम पितोबाश त्रिपाठी और सेक्रेड गेम्ज, केसरी और लोकप्रिय टीवी सीरीयल सुमित सम्भाल लेगा के एक्टर विक्रम कोचर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर मार्क डी म्यूज़, उजैर और संतोख सिंह हैं। फिल्म के गाने रैपर पैरी जी, उजैर और संतोख सिंह ने गाए हैं।

## सम्पादकीय

# हमारे पास बृहस्पति

भा**ब्रह्मांड** में सभी ग्रह सक्रिय हैं, गतिमान हैं, अतः कभी पृथ्वी से बहुत दूर चले जाते हैं, तो कभी करीब आ जाते हैं। आज सोमवार को अद्भुत खगोलीय घटना होगी, बृहस्पति ग्रह पृथ्वी के सबसे नजदीक आ जाएगा। सौरमंडल का यह सबसे बड़ा ग्रह 59 साल पहले पृथ्वी के इतने करीब आया था। जिन लोगों ने इसे 59 वर्ष पहले देखा होगा, उन्हें शायद ही याद हो, पर अब जो चाहे, दूरबीन से इस खगोलीय नजारे को देख सकेगा। पृथ्वी के एक ओर सूर्य होगा, तो दूसरी ओर बृहस्पति। वैसे, यह स्थिति हर 13 महीने पर बनती है, लेकिन खास यह है कि पृथ्वी से बृहस्पति की नजदीकी इस बार ज्यादा रहेगी। इसका असर यह होगा कि वह और दिनों के अपेक्षा ज्यादा चमकीला और बड़ा दिखाई देगा। दरअसल, सूर्य की परिक्रमा करते पृथ्वी और बृहस्पति एक तय वृत्त में नहीं घूमते हैं। उनका वृत्त बदलता रहता है और उसके साथ-साथ दोनों की परस्पर दूरी भी घटती-बढ़ती रहती है। दिलचस्प है कि बृहस्पति कभी पृथ्वी से 6,000 लाख मील दूर चला जाता है और कभी पास आते-आते करीब 3,670 लाख मील दूर ही रह जाता है। पिछली बार 1963 में दोनों ग्रह एक-दूसरे के इतने करीब आए थे। खगोल वैज्ञानिक स्वयं भी टेलीस्कोप के जरिये इस घटना का अध्ययन करेंगे और दूसरों को भी उन्होंने यही सलाह दी है। किसी किस्म के खतरे जैसी कोई बात नहीं है। बृहस्पति के लाल स्पॉट और धारियों को सबसे बेहतर रूप में देखा जा सकेगा, पर इसके लिए जरूरी है कि आसमान साफ हो, और धूल या प्रदूषण की छाया न हो। सूखे और अंधेरे इलाकों से बृहस्पति के दर्शन सबसे बेहतर होंगे। वैसे सामान्य ज्ञान के अनुसार, मंगल और शुक्र हमारे सबसे करीबी पड़ोसी हैं। शुक्र किसी भी अन्य ग्रह की तुलना में पृथ्वी के ज्यादा करीब आता है और इसकी कक्षा हमारे सबसे करीब है। हालांकि, साल भर में आधे से अधिक समय तक शुक्र नहीं, बल्कि बुध हमारे सबसे निकट रहता है। अचरज की बात नहीं है कि अंतरिक्ष विज्ञानी मंगल और शुक्र पर पहुंचने को लालायित हैं। इस हिसाब से देखें, तो बृहस्पति तो पृथ्वी से बहुत दूर है। बृहस्पति ग्रह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है, लेकिन यह मुख्य रूप से एक गैस पिंड है, जिसका द्रव्यमान सूर्य के हजारवें भाग के बराबर बताया जाता है। इस पर मौजूद द्रव्यमान सौरमंडल में मौजूद अन्य सात ग्रहों के कुल द्रव्यमान से ढाई गुना ज्यादा बताया जाता है। आकाश साफ व धूल-रहित हो, तो नंगी आंखों से भी पहचाने जाने वाले विशालकाय बृहस्पति को शनि, अरुण और वरुण के साथ एक गैसीय ग्रह के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से अगर देखें, तो बृहस्पति का बहुत सम्मान व महत्व है। रोमन सभ्यता में एक ईश्वर के नाम पर जूपिटर नाम रखा गया है, जबकि भारतीय संस्कृति के अनुसार, बृहस्पति देवताओं के गुरु कहे जाते हैं, जैसे शुक्र या शुक्राचार्य दानवों के गुरु थे। बृहस्पति बनते काम को अंतिम समय में अटका सकते हैं और अगर मेहरबान हो जाएं, तो कोई मार्ग में बाधा नहीं बन सकता। यह बहुत चमकीला ग्रह है, शुक्र और चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी से सर्वाधिक चमकदार दिखता है। सोमवार को इसकी चमक खास होगी। इंसानों को अंतरिक्ष के शोध में अभी बहुत आगे होना चाहिए था। चांद पर पहुंचने के बाद इंसान मानो पचास साल से ठहरा हुआ है।

**सुप्रीम कोर्ट ने न्यूज चैनलों में होने वाली बहस की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की है और टीवी चैनलों को फटकार भी लगाई है। कोर्ट ने कहा कि न्यूज चैनल भड़काऊ बयानबाजी का प्लेटफार्म बन गए हैं।**

# हेट स्पीच का अड्डा बन गए हैं टीवी चैनल



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**देश में हेट स्पीच के बढ़ते मामलों को देखते हुए विधि आयोग ने कानून को और कठोर बनाने के लिए साल 2017 में सरकार के पास सिफारिशें भेजी थीं। लेकिन इन सिफारिशों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन बताया गया और इसी वजह से अभी तक इन्हें लागू नहीं किया गया।**

प्रे**स** की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें पता होना चाहिए कि सीमा रेखा कहां खींचनी है। हेट स्पीच का हमारे दिमाग पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। यहां मीडिया को अमेरिका जितनी आजादी नहीं है, लेकिन यह पता होना चाहिए कि हमारी सीमा कहां तक है। लिहाजा टीवी पर अभद्र भाषा बोलने की आजादी नहीं दी जा सकती है। ऐसा करने वाले यूनाइटेड किंगडम के एक टीवी चैनल पर भारी जुर्माना लगाया गया था। लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं है। उनसे सख्ती नहीं हो रही है। अगर मंजूरी मिलती है तो हम जुर्माना लगा सकते हैं या उन्हें ऑफ एयर कर सकते हैं।




देश में टीवी चैनलों की हेट स्पीच वाली रिपोर्ट वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां की हैं। हरिद्वार में पिछले साल आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषण मामले पर सुनवाई के दौरान न्यूज चैनलों पर होने वाली डिबेट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सुनवाई करने वाली बेंच के जज जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि टीवी पर दस लोगों को डिबेट में बुलाया जाता है। जो अपनी बात रखना चाहते है, उन्हें म्यूट कर दिया जाता है। उन्हें अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता।

सुप्रीम कोर्ट ने न्यूज चैनलों में होने वाली बहस की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की और टीवी चैनलों को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि न्यूज चैनल भड़काऊ बयानबाजी का प्लेटफार्म बन गए हैं। प्रेस की आजादी अहमियत रखती है लेकिन बिना रेगुलेशन के टीवी चैनल हेट स्पीच का जरिया बन गए हैं। कोर्ट ने कहा कि राजनेताओं ने इसका सबसे अधिक फायदा उठाया है और टेलीविजन चैनल उन्हें इसके लिए मंच देते हैं। सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने तो यह भी कहा कि चैनल और राजनेता ऐसी हेट स्पीच से ही चलते हैं। चैनलों को पैसा मिलता है, इसलिए वे दस लोगों को बहस में रखते हैं।

जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट की नजरों में यह कोई मामूली मुद्दा नहीं है। हम जानते हैं कि देश में मेनस्ट्रीम मीडिया या सोशल मीडिया चैनल बिना रेगुलेशन के चल रहे हैं। टीवी चैनल पर बहस के दौरान न्यूज एंकर्स की जिम्मेदारी यह है कि बहस में कोई भड़काऊ बात न हो, लेकिन एंकर ऐसा नहीं करते। सरकार भी इस मामले को लेकर सख्त रवैया नहीं अपना रही है, बल्कि उसकी भूमिका सिर्फ मूकदर्शक बने रहने तक सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने भी साफ कहा कि हेट स्पीच हमारे सामाजिक ताने-बाने में ही जहर घोल देती है, लिहाजा इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। एक नियामक तंत्र की आवश्यकता पर जोर देते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि समस्या यह है कि हमारे पास टीवी के लिए एक नियामक तंत्र नहीं है।

किसी भी एंकर के अपने विचार होंगे, कोई भी एंकर चैनल के दृष्टिकोण से भिन्न नहीं होगा, वे सभी आपस में जुड़े हुए हैं, लेकिन गलत यह है कि जब आपके पास अलग-अलग विचारों के लोग हैं, आप उन्हें बुला रहे हैं और फिर आप उन्हें उन विचारों को व्यक्त करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। ऐसा करने से आप नफरत ला रहे हैं और आपकी टीआरपी ऊपर जा रही है और आप उससे प्रेरित हैं और कोई भी इस पर गौर करने और इसकी देखभाल करने वाला नहीं है तो यह बहुत दुखद है।

यहां सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर हेट स्पीच होती क्या है। आप आए दिन इस शब्द के बारे में सुनते हैं और आपको लगता है कि इसका मतलब घृणित भाषण होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार नस्ल, धर्म, लिंग के भेदभाव से किसी समूह विशेष के खिलाफ पूर्वाग्रह व्यक्त करने वाला कोई भी अपमानजनक या धमकी भरा लिखित या मौखिक बयान हेट स्पीच कहलाता है। भारतीय कानून में हेट स्पीच को लेकर अलग से कोई व्याख्या नहीं की गई है। संविधान में दिए गए अभिव्यक्ति के आजादी के अधिकार पर ही लगाम कसते हुए हेट स्पीच को परिभाषित किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 19 के अनुसार अभिव्यक्ति की आज़ादी के अधिकार के तहत यदि कोई भी व्यक्ति उन आठ बिंदुओं के तहत लिखित या मौखिक रूप से आपत्तिजनक बयान देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सुनवाई का प्रावधान है। अभिव्यक्ति की आज़ादी के अधिकार के तहत राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ दोस्ताना संबंध, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, कोर्ट की अवहेलना, मानहानि, हिंसा भड़काऊ, भारत की अखंडता व संप्रभुता पर आपत्तिजनक बयान नहीं दिया जा सकता है। ऐसे मामलों में भारतीय दंड संहित की धारा 153 के तहत सजा का प्रावधान किया गया है। इस धारा के अनुसार धर्म, जाति, लिंग, रिहाइश, भाषा या समुदाय या अन्य ऐसे किसी आधार पर भेदभावपूर्ण रवैये के चलते बोला या लिखा गया कोई भी शब्द अगर किसी भी समूह विशेष के खिलाफ नफरत, रंजिश की भावनाएं भड़काता है या सौहार्द्र का माहौल बिगाड़ता है तो ऐसा करने वाले को तीन साल की सजा या जुर्माना अथवा दोनों दिया जा सकता है। धारा 295 के तहत बताया गया है कि लिखकर, बोलकर, सांकेतिक रूप से या अन्य माध्यम से किसी भी भारतीय नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने, धर्म को बेइज्जत करने या ऐसा करने की कोशिश करने पर तीन साल तक की जेल या जुर्माना अथवा दोनों दिया जा सकता है।

देश में लगातार बढ़ रहे विवादित बयान यानी हेट स्पीच को देखते हुए विधि आयोग ने हेट स्पीच कानून को और कठोर बनाने के लिए साल 2017 में सरकार के पास सिफारिश भेजी थी। विधि आयोग ने हेटस्पीच पर अपने परामर्श पत्र में साफ किया है कि यह जरूरी नहीं कि सिर्फ हिंसा फैलाने वाली स्पीच को हेटस्पीच माना जाए, इंटरनेट पर पहचान छिपाकर झूठ और आक्रामक विचार आसानी से फैलाए जा रहे हैं, ऐसे में भेदभाव बढ़ाने वाली और नस्ली भाषा को भी हेटस्पीच के दायरे में रखा जाना चाहिए। लेकिन इन सिफारिशों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन होना बताया गया था और इसी वजह से अभी तक इन्हें लागू नहीं किया गया है। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

# निशाने पर कट्टरता




**आर.एस. शर्मा**
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

**मजहबी** कट्टरता और आतंकवाद पर प्रहार का सिलसिला जारी रहना ही चाहिए। इस लिहाज से नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई की सराहना के वाजिब कारण हैं। ज्यादातर मामलों में ऐसा हमने देखा है कि घटना या हमला होने के बाद जांच एजेंसियां सक्रिय होती हैं, लेकिन वास्तव में किसी भी आशंका से पहले ही जांच एजेंसियों को अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। कोई हमला होना भी जांच एजेंसियों की विफलता ही है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पहले भी अपने विचारों की वजह से शक के दायरे में रहा है। जांच एजेंसियों ने करीब 11 राज्यों में उसके 106 ठिकानों पर छापेमारी की है और 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों की नजर पीएफआई को मिल रहे धन, नेटवर्क और प्रशिक्षण पर है। इस संगठन के कार्यकर्ताओं के कार्यालयों और आवासों पर भी छापेमारी की गई है और जांच-पड़ताल तेज हुई है।

सबकी निगाह जांच एजेंसियों की ओर है, ताकि पीएफआई की गतिविधियों के बारे में खुलासा हो सके। एनआईए को पूरी मुस्तैदी से किसी भी खतरे को टालने की कोशिश करनी चाहिए। दक्षिण भारत में पीएफआई की गतिविधियों को ज्यादा संदिग्ध माना जा रहा है, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु से सर्वाधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संगठन से जुड़े बड़े नेताओं को गिरफ्तार करके जांच हो रही है। बीते दिनों भी एनआईए ने आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की थी। आरोप यह है कि सिमी पर प्रतिबंध के बाद अस्तित्व में आया यह संगठन हिंसा भड़काने की साजिश करता है और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त रहता है। नुपूर शर्मा का प्रकरण हो या हिजाब का मामला, इस संगठन का रुख बहुसंख्यक वर्ग और सरकार के लिए आक्रामक ही लगता है। कर्नाटक की सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में बताया है कि इस संगठन की भूमिका हिजाब मामले में भड़काऊ रही है। इससे भी एनआईए को छापेमारी की कार्रवाई को बल मिला है। यह संगठन दावा करता है कि वह समाज के वंचित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए काम करता है, लेकिन उसके कार्यकर्ताओं पर पिछले लगभग डेढ़ दशक से सवाल उठते रहे हैं। केरल, कर्नाटक में तो विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पीएफआई के कार्यकर्ता सीधे मुकाबले में रहे हैं। संघ के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले से भी इस संगठन के तार जुड़े बताए जाते हैं। अब मामला एनआईए के पाले में है, उसे सावधानी और संवेदना से आगे की कार्रवाई को अंजाम देना चाहिए। यदि पीएफआई के तार वाकई आतंकवाद से जुड़े हैं, तो उसे काटने में ही सबकी भलाई है, लेकिन यह ध्यान रखना होगा कि किसी निर्दोष को सलाखों को पीछे न रहना पड़े। किसी भी संगठन में सभी लोग एक जैसे नहीं होते हैं। पहले भी कुछ ऐसे लोगों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई की थी, जो बाद में निर्दोष पाए गए। आतंकवाद गंभीरतम अपराध है, अतः इससे जुड़े किसी भी मामले में किसी निर्दोष को एक दिन भी हिरासत में न रहना पड़े, इससे सुरक्षा एजेंसियों की शक्ति में ही इजाफा होगा।

## कविता

### तुम डटे रहो



**तृप्ति जैन**
छात्रा
@jagrukjanta.net

तुम अड़े रहो, तुम डटे रहो, अभी दूर तक जाना है...
सफर का आनन्द लेते-लेते तुम्हें मंजिल को पाना है।
माना तुम लगे हुए हो अपने अथक प्रयासों से
मगर कोई नहीं देखेगा तुम लड़े हो कितनी रातों से।
दुनिया बस वही देखेगी जो तुम्हें उनको दिखाना है।
मेहनत का ये दौर नहीं परिणामों का जमाना है।
असफल होकर बैठोगे जब तुम घर के कोने में.
कोई साथ नहीं आएगा, तुम्हारे अकेले होने में।
लेकिन जब सफलता तुम्हारे कदमों को चूमेगी।
ये दुनिया दीवानी की तरह तुम्हारे पीछे घूमेगी।
मत सोचो उनके बारे में जो तुम्हारे खिलाफ है।
तुम मस्त रहो उन लोगों मं जो सिर्फ तुम्हारे साथ है।
अब नहीं होगा कुछ, ये ख्याल मन में भी ना लाना।
अकेले यहां तक आये हो तो आगे भी जरूर जाना।
तुमने किया है तुम कर लोगे तुम सब कुछ कर सकते हो..
पंख फैला कर अपने तुम आकाश में उड़ सकते हो।
तो बस मन में दृढ़ निश्चय बनाकर आगे बढ़ते जाना है।
तुम्हे अपने नाम से स्वर्णिम इतिहास बनाना है।
*(लेखक जयपुर से है)*

## ओपिनियन

# आबादी का दबाव सब को महसूस होगा



**डॉ. रामावतार शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

ध**रती** पर मनुष्य या कोई भी अन्य जीव अवतरण करता है तो यह एक विशिष्ट घटना होती है। लाखों और हजारों सालों पहले धरती पर विशालकाय जीव जंतु रहते थे पर शायद एक समय के बाद संख्या में अधिकता की वजह से या संसाधनों की कमी के कारण विलुप्त हो गए होंगे। आगे चलकर ज्यों ज्यों धरती पर जीवों की संख्या में वृद्धि हुई उनका आकार तुलनात्मक रूप से छोटा होता गया। अभी एक अध्ययन के अनुसार मानव जाति के एक बड़े प्रतिशत हिस्से ने मुलायम भोजन करना शुरू कर दिया है जिसके फलस्वरूप उनका जबड़ा छोटा होने लगा है और तीसरे मोलर दांत को निकलने की जगह नहीं मिल रही है। इसका मतलब हैं कि हमारी जीवनशैली जोकि हमारी संख्या पर निर्भर करती है आगे चलकर पूर्ण मानव जीवन को प्रभावित करेगी। यह तो जनसंख्या वृद्धि का सूक्ष्म पक्ष है पर मोटे तौर पर बहुत कुछ और होने की प्रबल संभावनाएं हैं।

संयुक्त राष्ट विश्व जनसंख्या संभावनाएं नामक एक रिपोर्ट एक आम भारतीय के लिए जानना काफी आवश्यक है क्योंकि इसका प्रभाव निकट भविष्य और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाला है। सन 1950 में भारत की जनसंख्या 35 करोड़ 70 लाख थी जबकि चीन की 54 करोड़ 44 लाख थी जोकि सन 2000 में क्रमशः 124 करोड़ और 126 करोड़ 40 लाख हो गई। अब 2022 में भारत में 141 करोड़ 17 लाख लोग रह रहे हैं जबकि चीन में 142 करोड़ साठ लाख रह रहे हैं। यानि दोनों देशों की जनसंख्या तकरीबन बराबर हो गई है। अनुमानों के अनुसार सन 2100 में भारतीय होंगे 153 करोड़ और चीन की आबादी रह जायेगी 76 करोड़ 70 लाख। इस तरह से सन 2100 में भारत की आबादी चीन से दोगुनी होगी।

जब आबादी बढ़ेगी तो उसकी आवश्यकताओं के अनुपात में आयात भी बढ़ेगा। अभी भी यदि हम देखें तो भारत का आयात बिल सन 2000 की तुलना में कोई बारह गुना बड़ा हो गया है। चूंकि इस बढ़ी हुई जनसंख्या के लिए रोजगार संभव नहीं होगा तो बेरोजगारी बढ़ेगी एवम् जी डी पी नीचे आने लगेगी। देश में अत्यधिक भीड़ होने से बड़ी मात्रा में प्रतिभा पलायन होगा, कुशल लोग बेहतर भविष्य और अच्छे दिनों की तलाश में विदेशों में अवसर खोजेंगे। विश्व के लगभग 22 प्रतिशत कार्मिक भारतीय मूल के होंगे पर संभवतः वे अपना धन भारत नहीं भेजेंगे।

व्यापार घाटा जो सन 1991-92 में 1.6 बिलियन डॉलर था वह सन 2021-22 में 273.4 बिलियन डॉलर होने को है। कृषि से संबंधित निर्यात सन 2011-12 के 21.1 बिलियन डॉलर से घट कर 17.4 बिलियन डॉलर हो गया है। अब यह और तेजी से घटेगा और भारत कृषि उत्पादों का शुद्ध आयातक बन कर रह जायेगा। ये सब आंकड़े सी एम आई ई द्वारा प्रद्दत किए गए हैं जो भारत की अर्थव्यवस्था पर नजर रखती है। पूरे देश में पानी की कमी बड़े पैमाने पर नजर आएगी और रोज सुबह सुनाई देने वाला गाना " स्वच्छ भारत का इरादा कर लिया हमने " महज एक कर्णभेदी आवाज में परिवर्तित हो कर रह जायेगा। व्यवस्था के चरमराने के संकेत हर तरफ नजर आ रहे हैं पर आश्चर्य होता है कि उन संकेतों के कारणों से पीड़ित लोग तक आधारविहीन सपनों में जी रहे हैं मानो सोच रहे हों कि अब तो अच्छे दिन आने ही वाले हैं। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मं वे पशुपति-(समस्त जीवों की पशु संज्ञा हैं, वे सबके पति यानि स्वामी हैं और जीवों को संसार के पाश से छुड़ाने वाले हैं।) सभी वैदिक मंत्रों की उत्पत्ति शिव के ही रूप ओम्कार से हुई तथा सभी आगम एवं तंत्र आदि के मंत्र साक्षात् शिव प्रोक्त हैं, अतः शिव ही गुरु रूप से मंत्रों के दाता है। भगवान शिव का सगुण स्वरूप इतना अद्भुत, मधुर, मनोहर और मोहक हैं कि उस पर सभी देव, दानव, मानव, असुर आदि मुग्ध हैं। भगवान शिव का कर्पूरवत् गौरवर्ण, मंगलमूर्ति, मनोहर त्रिनयन, मस्तक पर बालचन्द्र, जटामुकुट पर दुग्ध धवल गंगा की धारा, गले में नागेन्द्रहार, व्याघ्र चर्म, मनोहर चरणारविन्द, श्वेतवर्ण नन्दी पर श्री उमा सहित विराजमान, नीलकंठ चारों हाथों में पाश, कपाल (अथवा लाल कमल), त्रिशूल और डमरू आदि से युक्त परमानन्द रसामृत सिंधु, भगवान शिव की अद्भुत शोभा है। कालकूट विष और शेष नाग को गले में धारण करने से भगवान की मृत्युंजयरूपता स्पष्ट है। सर्वलोकाधिपति होकर भी भस्म, मुण्डमाल और व्याघ्र चर्म को ही अपना भूषण बनाया। शिव का वाहन नन्दी, उमा का वाहन सिंह, गणेशजी का मूषक, स्वामी कार्तिकेय का वाहन मयूर है। भैरव आदि गण शिव की सेवा में सदा तत्पर रहते हैं। ब्रह्मा, विष्णु आदि भी आपकी सेवा करते हैं। नर नाग गंधर्व सुर, इन्द्र, बृहस्पति, प्रजापति आदि सभी आपकी उपासना में तल्लीन हैं। तामस्,. असुर, दैत्य, यक्ष, भूत-प्रेत, पिशाच, बेताल, डाकिनी, शाकिनी आदि तो आपके सहचर हैं।

क्रमशः

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर




शिवांश पुत्र अंजली-मुकेश, जयपुर

### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# आया त्योहारी मौसम और अर्थशास्त्रियों की बढ़ी उम्मीदें



**सी.पी.अग्रवाल**
समाज सेवक
@jagrukjanta.net

आ**र्थिक** प्रोत्साहन की चर्चा होते ही हमारे दिमाग में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि या बैंक दरों में कमी जैसी बातें अमूमन कौंधने लगती हैं। मगर एक और प्रोत्साहन है, जिसकी घोषणा नहीं की जाती, और वह है- धार्मिक त्योहार। अधिकांश त्योहारों में हम चंदा देते हैं, उपहारों की लेन-देन करते हैं और लोगों की नजर में आने लायक खरीद-फरोख्त करते हैं। भारत में सितंबर से नवंबर के दरम्यान लोगों की खपत की प्रवृत्ति पर अर्थशात्रिरयों की खूब नजर होती है, क्योंकि यह त्योहारी मौसम होता है। यदि यह मजबूत हुआ, तो अर्थशास्त्री आने वाले वर्ष को लेकर अधिक आशावादी हो जाते हैं। यदि ऐसा नहीं होता, तो ब्रिकी और खपत के पूर्वानुमान संशोधित करके नीचे की ओर लुढ़का दिए जाते हैं। सामान्यतः त्योहारों में खपत बढ़ जाती है। फिर भी, विभिन्न आय-वर्गों पर इसका प्रभाव अलग-अलग पड़ता है। इसमें गरीब अक्सर बचत का बड़ा हिस्सा खर्च कर देते हैं। ऐसा क्यों? नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी व एस्थर डुफ्लो ने 2011 की अपनी किताब पुअर इकोनॉमिक्स में 18 देशों में किए गए एक सर्वेक्षण का जिक्र किया है और बताया है कि जिन गरीब परिवारों के पास रेडियो या टीवी नहीं होता, वे त्योहारों में अपने बजट का बड़ा हिस्सा खर्च करते हैं। इससे वे अपनी नीरसता तोड़ते हैं। नियमित कठिन दिनचर्या से मुक्ति पाकर वे छुट्टी का आनंद उठाना चाहते हैं। त्योहार अलग-अलग जातियों व वर्ग समूहों के अंतर-मिलन की बाधाओं को भी कम करता है, जिससे सामाजिक पूंजी बढ़ती है और किसी सामाजिक मकसद के लिए लोगों की आम राय बनाने में मदद मिलती है। 19वीं सदी के बंगाल में जब सामुदायिक उत्सव के रूप में दुर्गा पूजा की फिर से शुरुआत की गई, तो राष्ट्रवादियों ने यह सुनिश्चित किया कि पूजा पंडालों में सभी जातियों के लोगों को प्रवेश मिले। स्थानीय लोगों में समुदाय की भावना विकसित करने के बाद वे इस त्योहार का इस्तेमाल ब्रिटिश राज के खिलाफ मजबूत राय बनाने में कर सके। हालांकि, अर्थशास्त्री श्रिया अय्यर अपनी पुस्तक द इकोनॉमिक्स ऑफ रिलिजन इन इंडिया में लिखती हैं कि धार्मिक आयोजन अपने समूह के लोगों को अबाध आजादी देते हैं, जबकि गैर-सदस्यों को खुद से बाहर रखते हैं। नतीजतन, वे मजहबी भेद पैदा करते हैं, जिससे सामाजिक पूंजी कमजोर होती है। अर्थशास्त्री एक अन्य कारण से भी धार्मिक त्योहारों को लेकर आंशिक रूप से खफा दिखते हैं, जो है- उपहारों के लेन-देन का चलन। 1993 में अपने प्रयोग में अमेरिकी अर्थशास्त्री जोएल वाल्डफोगेल ने येल यूनिवर्सिटी के छात्रों से क्रिसमस के दौरान मिले गैर-नकदी उपहारों का मौद्रिक मूल्य तय करने को कहा। जब वाल्डफोगेल ने छात्रों के मूल्यांकन को उपहारों के बाजार मूल्य से तौला, तो उन्होंने पाया कि अधिकांश छात्रों ने उपहारों के मूल्य कम करके आंके हैं। वाल्डफोगेल का निष्कर्ष था कि छात्रों ने इसे कमतर महत्व दिया, क्योंकि उन्हें उस उपहार की दरकार नहीं थी। अगर उन्हें नकद दिया जाता, तो वे पसंद की चीज खरीदते। लिहाजा उपहार देने का चलन उपहार देने व पाने वाले, दोनों के लिए नुकसानदेह है। बहरहाल, पूर्व-औद्योगिक काल से उपहारों के लेन-देन की परंपरा शुरू हुई है, जब हफ्तों-महीनों में हाथ से उत्पाद बनाए जाते थे। यह धारणा कि यदि उपहार नहीं देना है, तब भी उसे चुनने में कुछ समय बिताना चाहिए, आधुनिक दुनिया की देन है। चूंकि समय का उचित विकल्प पैसा नहीं है, इसलिए समय खर्च करने वाला हमारी नजर में पैसे खर्च करने वाले जैसा सम्मान नहीं पाता। उल्लेखनीय यह भी है कि जिस तरह से विज्ञापन की ताकत ने लोगों को हाथ से तैयार उपहारों के बजाय मशीन-निर्मित उपहारों को स्वीकार करने को प्रेरित किया है, संभव है कि भविष्य में नकद जैसे उपहार (डिजिटल वाउचर) को स्वीकृति मिल जाए। अर्थशास्त्र के छात्र भी ऐसे उपहारों को लेकर शायद ही शिकायत करें। *(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 28/09/2022**

**सूर्योदय** : 06:18 **सूर्यास्त** : 18:08 **चन्द्रोदय** : 08:24 **चन्द्रास्त** : 19:44**शक सम्वत** : 1944 सुभाकृत् **अमान्ता महीना** : आश्विन **पूर्णिमांत** : आश्विन **सूर्य राशि** : कन्या **चन्द्र राशि** : तुला **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : तृतीया, 25:25 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी **चन्द्रमास आश्विन** : पूर्णिमान्त **आश्विन** : अमान्त **द्रिक ऋतु** : शरद **वैदिक ऋतु** : शरद

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : स्वाति, 29:46 तक
**योग** : वैधृति, 26:55 तक
**प्रथम करण** : तैतिल, 13:58 तक
**द्वितिय करण** : गारा, 25:25 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:36 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:00 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:11 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:59 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:11 पी एम से |
| अमृत काल | 09:12 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:48 पी एम से 12:36 ए एम, सितम्बर 29 |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पश्चिम
होमाहुतिः सूर्य

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:17 - 07:46 | उद्वेग : 06:07 - 07:39 |
| अमृत | : 07:46 - 09:15 | शुभ : 07:39 - 09:10 |
| काल काल वेला | : 09:15 - 10:44 | अमृत : 09:10 - 10:41 |
| शुभ | : 10:44 - 12:12 | चर : 10:41 - 12:13 |
| रोग वार वेला | : 12:12 - 01:41 | रोग : 12:13 - 01:44 |
| उद्वेग | : 01:41 - 03:10 | काल : 01:44 - 03:15 |
| चर | : 3:10 - 04:39 | लाभ : 03:15 - 04:47 |
| लाभ | : 04:39 - 06:07 | उद्वेग : 04:47 - 06:18 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज तृतीया

**आज कौन सा कार्य करें**

तृतीया को यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की को माता के घर से विदा नहीं करना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

**आश्विन, शुक्ल, तृतीया, 2079 बुधवार, 28 सितम्बर - 4 अक्टूबर, 2022**

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**वनखण्ड कालबेलिया की मगरी में वाटिका का निर्माण जारी**

# पर्यटक लव-कुश वाटिका से देख सकेंगे आकर्षक नजारे

### बालदिवस पर शुभारंभ की कवायद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**राजसमंद।** जिले के झीलवाड़ा स्थित रूपनगर के पास वनखंड कालबेलिया की मगरी में लव-कुश वाटिका का निर्माण जारी है। यहां से बनने वाले व्यू पाइंट से आकर्षक नजारे देखे जा सकेंगे। उक्त बाल वाटिका का उद्घाटन 14 नवम्बर को बाल दिवस पर होने की संभावना है। इसके कारण काम को तेजी से किया जा रहा है। इस पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च होंगे।मुख्यमंत्री ने 2022-23 की बजट घोषणा में लव-कुश वाटिका निर्माण की घोषणा की थी। इसका मुख्य उद्धेश्य बच्चों एवं युवा वर्ग को वन एवं पर्यावरण के लिए संवेदनशील बनाना एवं जागरूकता पैदा करना है। पर्यटन स्थल विकसित होगा तो रोजगार के अवसरों में भी इजाफा होता है। इसके कारण कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण की झीलवाड़ा रेंज स्थित रूपनगर के पास वनखण्ड कालबेलिया की मगरी में 23 हेक्टेयर में वनक्षेत्र में लव-कुश वाटिका का निर्माण करवाया जा रहा है। यहां पर निर्माण कार्य जारी है। वर्तमान में व्यू पाइंट रोड, दीवार आदि का निर्माण कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि यही पर कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण होने के कारण सैलानी यहां पर आते हैं। टाइगर रिजर्व बनाने की तैयारी चल रहा है। यहां पर बेसलाइन सर्वे पूरा हो गया है। ग्रास लैंड आदि विकसित किया जा रहा है।

### यह हो रहा काम

» बाल उद्यान विकसित किए जाएंगे
» औषधीय उद्यान लगाए जा रहे हैं
» व्यू पाइंट का निर्माण कार्य
» वन मार्ग संधारण एवं निर्माण
» जल संरक्षण संरचना का निर्माण

### यहां बनेंगे व्यू पाइंट

» सेलियों की नाड़ी के पास
» कुंभलगढ़ फोर्ट व्यू पाइंट
» दर्शन बड़ली व्यू पाइंट

### 2500 पौधे लगाए जाएंगे

**यहां** पर 2500 पौधे लगाए जा रहे हैं। इसमें आयुर्वेदिक एवं औषधीय पौधे जैसे मालकांगणी, पीपलामूर, चीत्रक, दमावेल, कटकरंज, सतावरी, जंगली करौदा, बिलपत्र, महुआ, बिजोरा नींबू, बहेड़ा, हवन, गुडमार, सर्पगंधा, पत्थरचट्टा, मेहंदी और गूगल सहित कई तरह के आयुर्वेदिक एवं औषधीय पौधे लगाए जा रहे हैं।

---

**पिंकसिटी प्रेस क्लब : वित्तीय वर्ष 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट पारित**

# वार्षिक साधारण सभा में कई प्रस्ताव पारित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिंकसिटी प्रेस क्लब लि. की 31वीं वार्षिक साधारण सभा क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में बीते दिनों नारायण सिंह सर्किल, जयपुर में आयोजित की गई। क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि वार्षिक साधारण सभा में वित्तीय वर्ष 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट एवं ऑडिट बैलेन्सशीट, आय-व्यय लेखा-जोखा सर्वसम्मति से अनुमोदन कर पारित किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष के अंकेक्षण के लिए अनिल शेखावत एण्ड कम्पनी और कम्पनी संबंधित कार्य के लिए जितेन्द्र गोयल को कम्पनी सचिव नियुक्त किया गया। उन्होने बताया कि साधारण सदस्यता नवीनीकरण के लिए रिव्यू कमेटी का गठन किया जाएगा। तीन साल से अधिक की सदस्यता बकाया होने पर स्वतः सदस्यता समाप्त हो जाएगी। पिंकसिटी प्रेस क्लब से संबंधित विवाद के समाधान के लिए आर्बिट्रेटर (मध्यस्थ) कमेटी की नियुक्त की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में प्रदान साधारण सदस्यता को बैठक में पास किया गया। जिन साधारण सदस्यों की तीन साल से अधिक की सदस्यता बकाया है ऐसे सदस्यों की सदस्यता समाप्त की गई। प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक नई साधारण सदस्यता छानबीन समिति की रिपोर्ट के आधार पर दी जाएगी। जिसका शुल्क 31 अगस्त तक जमा होना अनिवार्य है। नई सदस्यता की सूची 1 सितम्बर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए संबंधित वित्तीय वर्ष की वार्षिक साधारण सभा में पारित करवाना अनिवार्य होगा। सम्बद्ध सदस्यता ए श्रेणी का प्रवेश शुल्क 11 हजार से बढ़ाकर 21 हजार किया। सम्बद्ध सदस्य ए श्रेणी एवं बी श्रेणी की वार्षिक सदस्यता शुल्क घटाकर ₹ मशः 1800 एवं 3600रू. की। सम्बद्ध सदस्यता बी श्रेणी की एकमुश्त राशि 151000 एवं सम्बद्ध सदस्य ए श्रेणी की एकमुश्त राशि 51000 रू. करने का निर्णय लिया गया। संबंधित प्रबन्ध कार्यकारिणी को क्रमशः 51 हजार एवं 30 हजार राशि की एफडीआर पिंकसिटी प्रेस क्लब लि. जयपुर के नाम करवाना अनिवार्य होगा। जिन साधारण सदस्यों की सदस्यता राशि 3 साल से बकाया थी ऐसे सदस्यों की सदस्यता बैठक में सर्वसम्मति से समाप्त की गई। बैठक में क्लब उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, गिरिराज प्रसाद गुर्जर, कोषाध्यक्ष, राहुल शर्मा गौतम, प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, महेश पारीक, जीतेश शर्मा, दिनेश शर्मा, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य एवं पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

---

# नवरात्री कन्या पल्ल्वी का जन्म दिन वैदिक मंत्रो से मनाया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नागरिक सेवा समूह मुरलीपुरा ने आंगनवाड़ी खेड़ा (गोरसभण्डार मुरलीपुरा के पीछे)राजकीय मिडिल स्कूल परिसर में कुमारी पल्ल्वी का 5वां जन्मदिन का पूजन वैदिक मंत्रो से गणपत लाल, एवं राम राय शर्मा द्वारा करा कर मनाया। लोकचंद हरिरामानी ने पेस्टी, डॉ. सुनील गुप्ता ने टॉफी, दीपिका पत्नी जनार्दन शर्मा, गिरधारी शर्मा ने देशी घी के लड्डू सभी बच्चों को, एवं उपहार स्वरूप ओम जी सोनी ने पार्टी वियर ड्रेस, हरिशंकर गौड़ ने ट्रॉय साइकिल, ओम जी गुप्ता ने कुर्सी-टेबुल सैट, बीना पारीक ने कैरम बोर्ड, प्रहलाद राय ने बैड स्टडी टेबुल, प्रदीप शर्मा ने गौलक मय रु 101/-,गोपाल खंडेलवाल ने पिकनिक बैग,बजरंग लाल ने होला हूप रिंग,गौरी भूषण ने मंत्र जाप मशीन, दिव्या शर्मा ने पूजा आरती घंटी, मनी भूषण ने मुरली (बासुरी), भवानी सिंह राठौड़, मुकेश जोशी रामजी टैंट एंड इवेंट वालो ने बच्चों को बैठने को फर्श आंगनवाड़ी कोभेटकी 7सब ने बच्ची को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

---

## गायत्री प्रज्ञा पीठ द्वारा 9 दिवसीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

**चौमूं @ जागरूक जनता।** गायत्री प्रज्ञा पीठ राधाबाग चोमू में शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया एवं वर्तमान समय में चल रही गोवंश में लम्पी बीमारी को समूल नष्ट करने हेतु एवं जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ सबके उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य के लिए परिजनों के द्वारा महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां समर्पित की गई। यह पंच कुंडीय यज्ञ प्रतिदिन नवमी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में गायत्री परिवार के ट्रस्टी राजकुमार शर्मा, जितेंद्र सिंह बिजावत,रामधन टाक, गजेंद्र सिंह जी बिजावत, मदनलाल विजय, महेंद्र विजय, रामबाबू सेन, पवन खटोड़, अमित अग्रवाल, लोकेंद्र सिंह, शैतान सिंह यादव, मनोहरलाल गुप्ता एवं प्रज्ञापीठ परिव्राजक दयाराम राजपाल आदि परिजन मौजूद रहे।

---

**महाराजा श्री अग्रसेन जी के हम वंशज**

# हमें गांव गांव मे अलख जगाना होगा- मित्तल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन मे राजस्थान प्रांतीय इकाई द्वारा कांटा चौराहा, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान मे अग्रवालो के कुल के प्रवतक महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव खूब धूम धाम से मनाया गया। जिसमे महाराजा अग्रसेन जी पूजा अर्चना व 501 दिपो की महा आरती की गयी कार्यक्रम स्थल पर महाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश प्रभारी श्री पवन कुमार मित्तल ने संस्था की नीतियों एवं उद्देश्यों का अनुसरण करते हुए संस्था के द्वारा समाज सुधार के कार्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, कार्यक्रम मे आये अग्रवाल समाज के कई अग्र बन्धुओ , महिलाओ को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की सदस्ता ग्रहण करायी गयी। कार्यक्रम मे बच्चों के द्वारा महाराजा अग्रसेन, माता माधवी, माता महालक्ष्मी जी की सजीव झाकियों प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम AAS के राष्ट्रीय पदाधिकारी, जन संपर्क अभियान ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुनील अग्रवाल रिंगस्या ने भाग लिया, मुख्य सक्रियता प्रियंका गोयल प्रदेश संयोजीका जन जागरण, प्रदेश वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष वसुंधरा मित्तल, महिला जिला अध्यक्ष अनुपमा गुप्ता,एवं प्रदेश एवं जिला महिला पदाधिकारी उषा बैराठी, किरण गुप्ता, सपना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, शगुन अग्रवाल, राखी अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कृष्णा गोयल, युवा जिला अध्यक्ष मनीष गोयल, जला के पदाधिकारी मनोज गोयल, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रजनीकांत अग्रवाल, गोकुल अग्रवाल, श्रीराम बैराठी, विनोद गोयल ने निभाई।

---

# जांगिड़ विकास समिति का सम्मान समारोह सम्पन्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आश्विन के शारदीय नवरात्र में घर-घर में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के पूजन की पूर्व संध्या पर जांगिड़ विकास समिति, दादी का फाटक, मुरलीपुरा की ओर से दुर्गा शक्ति की प्रतीक करीब 200 बच्चियों को सम्मानित कर समाज को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। महासभा के राष्ट्रीय प्रधान राम पाल शर्मा ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए संस्था का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है इसे आगे भी जारी रहना चाहिए। जांगिड़ विकास समिति दादी का फाटक के अध्यक्ष और महामंत्री ने पूरी कार्यकारिणी के साथ अतिथियों का सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रीको के स्वतंत्र निदेशक सीताराम अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, राजकीय सेवा में चयनित लोकसेवकों, खिलाडियों, कलाकारों सहित जांगिड़ समाज की करीब 300 प्रतिभाओं और कई भामाशाहों का सम्मान किया गया। चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों को साइकिल, लैपटॉप टेबल, प्रशस्ति पत्र और छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

---

# सियाराम बगीची से निकली 23वीं विशाल कलश यात्रा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्रीराम सुंदरकांड मंडल, ढेहर का बालाजी की ओर से रविवार शाम 5 बजे सियाराम बगीची से राधा गोविंद कालोनी मंदिर तक 23वीं विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को महंत हरिशंकरदास वेदांती ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर रवाना किया। कलश यात्रा में फूल बंगले में विराजे राम दरबार को रथ में बिठाकर बैंड-बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से भ्रमण कराते हुए भक्ति भाव के साथ रवाना किया गया। प्रभु श्रीराम के रथ के आगे सैकड़ों महिलाएं हाथ में कलश लेकर राम नाम संकीर्तन करते हुए चलती रहीं। मंडल अध्यक्ष हेमंत सैनी ने बताया कि हर वर्ष मंडल की ओर से नवरात्र में पूरे नौ दिन अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जाता है। इससे एक दिन पहले गाजे-बाजे से कलश यात्रा निकाली जाती है और राम दरबार की स्थापना के बाद पाठ शुरू होते हैं। सैनी ने बताया कि इस बार मंडल की ओर से यह 23वीं कलश यात्रा निकाली गई है। महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा के बाद अखंड रामचरित मानस के पाठ से होती है और रामनवमी को 51 आसनों पर अखंड रामचरितमानस पाठ के बाद पूर्णाहुति होती है।

---

# लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**करौली।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलो में से एक कैला देवी में शारदीय नवरात्रा पर घट स्थापना के धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। कोरोना त्रासदी के बाद पहली बार आयोजित हो रहे शारदीय नवरात्रा के 10 दिन तक भरने वाले इस मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश, यूपी, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से करीब 8 से 10 लाख श्रद्धालुआ द्वारा माता के दरबार में धोक लगाकर खुशहाली की मनौती मांगने का अनुमान है। सुबह मंगला आरती से शयन आरती तक माता के भवन में जयकारे के साथ श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

---

# प्रधानमंत्री एक अक्टूबर को करेंगे देश में 5 जी सेवा का शुभारंभ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक अक्टूबर को देश के पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवा 5 जी को लाँच करेंगे।राजधानी के प्रगति मैदान में एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक चलने वाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के उद्घाटन के अवसर पर श्री मोदी इस सेवा को शुरू करने वाले हैं। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन दूरसंचार मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री उस दिन देश में 5 जी इंटरनेट सेवा की शुरूआत कर सकते हैं।आईएमसी के उद्घाटन के अवसर पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग और टेलीकॉम सेवायें देने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई मिलकर करता है।

---

# निजी स्कूल व पुलिस द्वारा पत्रकार को दबाने के विरोध में पत्रकार बैठे धरने पर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** सिरोही जिले के आबूरोड़ में कार्यरत एक पत्रकार के बच्चे के साथ एक निजी स्कूल की अध्यापिका द्वारा मारपीट करने के मामले आबूरोड़ रिको पुलिस द्वारा 18 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने व दूसरी निजी स्कूल द्वारा बच्चे को एडमिशन नहीं देने को लेकर आज पत्रकार संगठन आई एफ डब्ल्यू जे ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, जिला कलेक्टर व पुलिस अधिकक्ष के नाम ज्ञापन सौंप कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की। आपको बता दें संगठन के दर्जनों पत्रकार जब जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे तब कलेक्टर प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर आबूरोड गए हुए थे, जिसके कारण पत्रकार ADM को ज्ञापन देने उनके कक्ष में पहुंचे। लेकिन ADM अपनी अफसरशाही के घमंड में इतने घमंडित हैं कि उन्होंने ज्ञापन लेने के लिए अपनी कुर्सी से उठना भी मुनासिब नहीं समझा। पत्रकारों ने जब ज्ञापन सौंप कर पूरे मामले को मौखिक रूप से अवगत करवाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने की मांग करते हुए दोषी स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की तो ADM ने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से बात तक नहीं की और कहा कि आपके जाने के बाद जो कुछ करना होगा वो कर दिया जायेगा। ADM के इस अड़ियल रवैये को देखते हुए पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया और ADM कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए। धरना स्थल से पत्रकारों को खडेदने के लिए,ष्ठरू ने पुलिस बल भी मौके पर बुलाया पर पत्रकारों ने किसी भी सूरत में बिना मांग माने वहाँ से उठने से साफ इंकार कर दिया। और कलेक्ट्रेट परिसर में ADM के विरूद्ध जोरदार नारेबाजी करनी शुरू कर दी। आखिर ADM को अपनी




हठधर्मिता छोड़कर जिला शिक्षा अधिकारी को कलेक्ट्रेट बुलाना पड़ा और जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत ने मौके पर पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कल तक कार्रवाई कर पत्रकार के पीड़ित बच्चों को न्याय प्रदान करने की बात का भरोसा दिलाया, तब पत्रकारों ने धरना समाप्त किया।

### निष्पक्ष जांच करवाने की रखी मांग

एडीएम कार्यालय के बाहर धरने में समझौता वार्ता के बाद सभी पत्रकार एसपी कार्यालय पहुंचे, जहाँ एसपी की अनुपस्थिति में पत्रकारों ने एएसपी देवाराम चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप कर उक्त मामले में दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग रखी। जिस पर एडिशनल एसपी ने तुरंत प्रभाव से थानाधिकारी को निर्देशित कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### पत्रकारों को भी बैठना पड़े धरने पर तो आमजन के क्या होंगे हाल

सिरोही जिला प्रशासन किस कदर लापरवाह बना हुआ हैं, जिसके आज पत्रकारों को भी धरने पर बैठना पड़ा। जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में ADM ही हेडक्वार्टर का मुख्या होता हैं। पर ADM जब पत्रकारो की बात सुनने की बजाए अपनी जिद्द पर अड़कर हठधर्मिता पर उतर जाए तो ऐसे ADM से जिले की आम जनता क्या उम्मीद रख सकती हैं। ADM जब पत्रकारों को सही ढंग से आश्वासन देकर संतुष्ट नहीं कर उल्टा उन पर अफसर शाही का रौब दिखाने पर आमादा हो जाए, तो जिले के गरीब बेसहारा को ये क्या न्याय दिलाएंगे ये आसानी से समझा जा सकता हैं। पर वो कहते हैं कि जब तक ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर राजनैतिक संरक्षण बना रहेगा तब तक जिले कि जनता को भुगतान भी करना ही पड़ेगा।

## जागरूक खबरें

### ■ आपा छोड़ जयपुर संभाग उपाध्यक्ष एव कार्यकर्ता ने रालोजपा में सदस्यता ली



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आम आदमी पार्टी के जयपुर संभाग उपाध्यक्ष दीपक बालियान एवं कार्यकर्ता रघुवीर सैनी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी लेवर सेल की सदस्यता ग्रहण की। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लेवर सेल गोविन्द ठाकुर ने दीपक बालियान को प्रदेश महासचिव लेवर सेल एव रघुवीर सैनी को अलवर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए दोनो पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया की वो पार्टी के प्रति वफादार हो कर कार्य करेंगे।

### चौमू क्षेत्र को बीसलपुर योजना से जोड़े सरकार- रामलाल शर्मा

**चौमू @ जागरूक जनता।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने प्रक्रिया एवं नियम 50 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में व्याप्त पेयजल की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चौमूँ के अंतर्गत पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। विस क्षेत्र चौमूँ में जलस्तर नीचे जाने की वजह से और पानी की आपूर्ति कम होने की वजह से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है और अब सिर्फ 15 से 20 मिनट पेयजल की सप्लाई की जाती है और क्षेत्र के 60 प्रतिशत हिस्से के अंदर ही पाइपलाइन के द्वारा पेयजल की सप्लाई की जाती है, बाकी 40 प्रतिशत हिस्सा तो ऐसा है जहां पाइपलाइन और पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए चौमू नगरपालिका क्षेत्र को बीसलपुर योजना से जोड़ा जाए और मुख्यमंत्री जी द्वारा भी बीसलपुर योजना से चौमू विधानसभा को जोड़ने की घोषणा की गई थी, परंतु अभी तक योजनाएं कोई भी क्रियानवीत्ति नहीं की गई है। जल जीवन योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने की जो योजना थी उस योजना को भी राजस्थान सरकार के अधिकारियों ने पलीता लगाने का काम किया है।

#### नवरात्रि के लिए रेलवे का स्पेशल मेन्यू : 5 अक्टूबर तक रहेगी यह सुविधा

# ट्रेन में परोसी जाएगी व्रत वाली थाली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने नवरात्रि के दौरान ट्रेन से यात्रा करने वाले भक्तों के लिए एक स्पेशल मेन्यू की घोषणा की है। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान उपवास रखने वालों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रेनों में व्रत वाली थाली उपलब्ध होगी। रेलवे मंत्रालय ने ट्वीट किया- नवरात्रि के शुभ त्योहार पर भारतीय रेलवे आपके लिए 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नवरात्रि स्पेशल थाली लेकर आया है। इस थाली को 'फूड ऑन ट्रैक' ऐप से मंगवाया जा सकता है।



इसके अलावा http://ecatering.irctc. co.in पर जाकर या 1323 पर कॉल करके भी खाना मंगवाया जा सकता है।

### 78 स्टेशन पर व्रत वाला खाना

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देश के 78 रेलवे स्टेशनों पर नवरात्रि स्पेशल थाली उपलब्ध होगी। इसमें अहमदाबाद, अमृतसर, भोपाल, मुंबई,ग्वालियर, हैदराबाद, जबलपुर, जयपुर, चेन्नई सेंट्रल, अंबाला कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली शाहदरा, उदयपुर सिटी स्टेशन समेत 78 स्टेशन शामिल हैं।

### भारत गौरव पर्यटक ट्रेन शुरू

इससे पहले IRCTC ने नवरात्रि के अवसर पर भारत गौरव पर्यटक ट्रेन शुरू करने की घोषणा की थी। पैंट्री कार, इन्फोटेनमेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड सेवाओं से लैस यह विशेष ट्रेन 30 सितंबर से दिल्ली से कटरा के लिए पहली बार चलेगी। भारत गौरव ट्रेन में, पर्यटकों को दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, अंबाला, सरहिंद, लुधियाना से/में चढ़ने/उतरने की अनुमति होगी।

### देशभर में मनाया जा रहा नवरात्र

मां दुर्गा को समर्पित शारदीय नवरात्रि उत्सव आज से शुरू हो गया है। 9 दिनों तक चलने वाले इस त्योहार को पूरे देश में बहुत उत्साह और अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। इन्हीं में से एक रामलीला है, इसमें रामायण के दृश्यों का प्रदर्शन किया जाता है। उत्तर भारत में इसे मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और मध्य प्रदेश में आयोजित किया जाता है। रावण के पुतले का दहन विजयादशमी पर कहानी के समापन का प्रतीक है।

## आर जी एच एस सुविधा बहाल के लिए सौंपा ज्ञापन

**चौमूं @ जागरूक जनता।** नगर निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना को बहाल करवाने के लिए विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा एवं विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक हृदेश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा इस दौरान बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भी उपस्थित रहे। मंजू शर्मा ने बताया कि नगर निकायो के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल रहा था लेकिन कुछ समय पहले कर्मचारियों के लिए राजस्थान सरकार द्वारा आदेश निकाला गया कि 1,05,000 की एकमुश्त राशि जमा कराने पर ही स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सकेगा लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की



पेंशन कम होने के कारण यह लोग आर्थिक भार सहन नहीं कर सकते इसलिए नगर निकायों द्वारा आर्थिक अनुदान देकर स्वास्थ्य बीमा योजना को जल्द से जल्द बहाल किया जाए जिससे नगर निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जा सके।

## सड़क निर्माण कार्य पर वार्डवासियों ने किया विधायक रामलाल शर्मा का सम्मान

**चौमूँ @ जागरूक जनता।** शहर के वार्ड नंबर 8 स्थित भोमिया कॉलोनी में विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से बनी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के लिए वार्डवासियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कॉलोनी में काफी लंबे समय से आम रास्ते की समस्या बनी हुई थी। सड़क निर्माण पर वार्ड वासियों द्वारा जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री वीर भोमियाजी सेवा समिति द्वारा विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही स्थानीय वार्ड वासियों द्वारा पार्षद रजनी शर्मा का भी आभार व्यक्त किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि विकास एक सतत प्रकिया है और जनप्रतिनिधियों और आमजन की आपसी सजगता पर निर्भर होता है। इस



अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र जिंदल, कनिष्ठ अभियंता लोकेश सैनी, स्थानीय पार्षद रजनी राहुल बागड़ा, भोमिया विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष पूनम चंद शर्मा, सरंक्षक पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित सोनी, पार्षद बाबूलाल यादव, संदीप शर्मा, पूर्व पार्षद अनिल मीणा, मुकेश सैनी, मुकेश जांगिड़, सुरेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

#### नगाड़े की थाप पर झूमे टूरिस्ट, फेस्टिव सीजन में फुल होने लगे होटल

# विदेशी युवक-युवतियों ने मनाया इजराइली न्यू ईयर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** जिले के पुष्कर में इन दिनों इजराइली पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां यहूदी कैलेंडर के अनुसार रविवार रात न्यू ईयर पार्टी मनाई गई। इसे इजराइली भाषा में रोशेनाथ कहा जाता है। इस जश्न में इजराइल के प्रसिद्ध सिंगर मूसा बनारी भी पहुंचे। साथ पुष्कर के नगाड़ा वादक नाथू लाल सोलंकी के संगीत पर विदेशी जमकर थिरके। इस दौरान यहां पर डिनर पार्टी भी आयोजित की गई।



### पुष्कर में बढ़े टूरिस्ट

विदेशी टूरिस्ट बढ़ने से पुष्कर के होटल रेस्टोरेंट फुल होने लगे हैं। यहां के होटल मालिक, रेस्टोरेंट संचालक, गेस्ट हाउस संचालकों के चेहरे पर खुशी नजर आने लगी है। दरअसल, पुष्कर में इजराइली पर्यटकों का धर्मस्थल खबाद हाउस खुलने के साथ ही इजराइली पर्यटकों का आना शुरू हो जाता है।

### इजराइली यहूदी धर्म के सांस्कृतिक और धार्मिक दूतावास के रूप में करता है काम

भारत में विभिन्न राज्यों के अंतर्गत 18 खबाद हाउस बीते 30 सालों से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें देशभर से आने वाले यहूदी धर्मावलंबियों को टोरा धर्म ग्रंथ के अध्ययन के साथ-साथ यहूदी धर्म से संबंधित उत्सव, रीति-रिवाज आयोजित किए जाते हैं। खबाद हाउस मैनेजर हनुमान प्रसाद बोकोलिया ने बताया कि इस बार 18 सितंबर को इजराइल खबाद हाउस सभी इजराइल पर्यटकों के लिए खोला गया है। पुष्कर में औसतन हर साल 3000 इजराइली पर्यटक पहुंचते हैं। धर्मगुरु सिमसॉन्घ गोल्डस्टीन अपने परिवार सहित इजराइल खबाद हाउस पहुंचे हैं। 25 सितंबर को नया साल अपने रीति-रिवाज पूजा पाठ कर बहुत ही सादगी से मनाया गया।26 सितंबर को शाम को सभी ने पुष्कर सरोवर में जाकर पूजा अर्चना की। 24 सितंबर को भी युद्ध में शहीद हुए इजराइल आर्मी एवं भारतीय आर्मी के जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। यहां 24 घंटे हथियारबंद सुरक्षा गार्ड है। बम निरोधक मशीन लगाई गई है।

### आतंकवादियों के निशाने पर रहा है पुष्कर का खबाद हाउस

पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली ने 2009 में इसकी रैकी की थी। जिसका खुलासा मुंबई हमलों के बाद हुआ था। खबाद हाउस की संवेदनशीलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि खुलासे के बाद से ही देश की सुरक्षा एजेंसी एनएसजी, एटीएस, क्यूआरटी टीमों ने यहां कई बार एंटी टेरर और होस्टेज सिचुएशन ड्रिल को अंजाम दिया। सुरक्षा कारणों के चलते खबाद हाउस पर 24 घंटे सशस्त्र जवानों की तैनाती रहती है।

#### राजकुमार मित्तल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

# श्री अग्रसेन जयंती को मनाया जाए राष्ट्रीय पर्व

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पूरे देश में हर वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और बड़ी संख्या में समाज के लोग महोत्सव में सम्मिलित होते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राजकुमार मित्तल अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार को एक पत्र लिखकर श्री अग्रसेन जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग की है। पत्र में मित्तल ने लिखा है कि महाराजा श्री अग्रसेन एक पौराणिक कर्मयोगी, लोकनायक, समाजवाद के प्रणेता, रामराज्य के समर्थक एवं महादानी थे। उनका जन्मदिन आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को हुआ, जिसे समाज अग्रसेन जयंती के रूप में मनाता है। मित्तल ने पत्र में लिखा है कि महाराजा अग्रसेन ऐसे पहले महापुरुष थे जिन्होंने एक रुपया एक ईंट के संदेश के साथ समाजवाद को प्रतिपादित किया। श्री अग्रसेन जयंती पर उनके वंशज श्री अग्रसेन महाराज की भव्य झांकी व शोभायात्रा आरती भंडारे जैसे अनेक कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करते हैं। मित्तल ने अपने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार द्वारा महाराजा श्रीअग्रसेन जी के सम्मान में 24 सितंबर 1976 को एक डाक टिकट भी जारी किया जा चुका है एवं 14 मार्च 1995 को महाराज श्री अग्रसेन के आदर्शों के प्रतीक स्वरूप महाराजा अग्रसेन जलपोत का अनावरण भी हुआ था। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाना चाहिए।

### सेवा पखवाड़े के तहत भाजपाइयों ने गौमाता को खिलाये लंपि रोग निवारक लड्डू



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में शहर मंडल द्वारा लंपि रोग पीड़ित गौ माता की सेवार्थ आयुर्वेद पद्धति से निर्मित लड्डू गौ माता को खिलाए गये। जिला मंत्री धनराज चौधरी के नेतृत्व मे गौ माता की सेवा मे सभी कार्यकर्ता देवगांव गेट स्थित गौशाला पहुंचे तथा वहां गौ माता को आयुर्वेद पद्धति से निर्मित लड्डू खिलाकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गइ। इस मौके पर पूर्व सीसीबी चेयरमैन मदन गोपाल चौधरी भाजपा नेता राजेंद्र विनायका, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनिल राठी, महामंत्री रामबाबू सागरिया व कमल सांखला,युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमावत,जिला कार्यकारीणी सदस्य रामदेव माली, शक्ति केंद्र संयोजक ज्ञान प्रकाश राठी, एस सी मोर्चा अध्यक्ष महेश नायक, महामन्त्री संजय बेनिवाल,राम प्रसाद रेगर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किशोरी मेले का हुआ आयोजन



**सूपा @ जागरूक जनता।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूंपा में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक गोपाल लाल वैष्णव ने बताया कि किशोरी मेले में हिंदी के लिए व्याकरण चकरा संज्ञा विशेषण कारक समास की परिभाषा को जान सकेगे। गणित मे वृत आयत त्रिभुजको पहचान सकेंगे व आयत का क्षेत्रफल जान सकेंगे। विज्ञान में मॉडल बनाये गये व मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं जयंती पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला के दिशा निर्देशानुसार जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 106 वी जन्म जयंती पर नगर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा, पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, मंडल प्रभारी भगवान सिंह सुरपुरा ने अलग अलग बुथो पर विस्तार से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला व बताया कि उनके द्वारा किए गए उस समय के अडिग प्रयासों का परिणाम अब संपूर्ण विश्व देख रहा है उन्हीं के बताए सिद्धांतों व मार्ग पर चलकर भारतीय जनता पार्टी अब विश्व की सबसे ज्यादा सदस्यों वाली पार्टी बनकर उभरी है क्योंकि अंत्योदय शब्द में संवेदना है, सहानुभूति है, प्रेरणा है, साधना है, प्रामाणिकता है, आत्मीयता है, कर्तव्य-परायणता है उनका मानना था कि जब तक समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास नहीं होगा तब तक सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण की कल्पना अधूरी है। नगर मंडल कार्यक्रम प्रभारी व मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह ने बताया कि बूथ अध्यक्षों के अथक प्रयास व उनकी लग्न की बदौलत शहर के संपूर्ण 23 बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कमलोत्सव व मन की बात कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में आए हुए सभी सदस्यों का बूथ अध्यक्षों ने धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया।

# हैल्थ चैकअप शिविर आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब एवं अपेक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए रविवार, प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक हैल्थ चैकअप शिविर का आयोजन किया गया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि हैल्थ चैकअप शिविर उपाध्यक्ष एवं चिकित्सा समिति संयोजक पंकज शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया। शिविर में अपेक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रोहन सिंह चौहान, डॉ. अरूण औझा सहित उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर ब्लड शूगर, ई.सी.जी. एवं ब्लड टेस्ट की निःशुल्क जांच एवं दवा वितरित की गई।क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि कैम्प के दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. मोनिका ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वस्थ्य जीवन जीने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि कच्ची घानी का तेल ज्यादा उपयोगी होता है। शुद्ध घी हमारी हड्यिों के जाइंट में भी लुब्रिकेंट का काम करता है। हमें अपने खाद्य तेलों को बदलते रहना चाहिए। प्रातः उठकर गुनगुना पानी पीकर, घूमना एवं व्यायाम करना चाहिए। नास्ते में कार्बोहाईड्रेड एवं प्रोटीन पर्याप्त मात्रा में लेना चाहिए। रात्री भोजन समय पर लेना चाहिए।

इस अवसर पर क्लब कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा गौतम, उपाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, विजेन्द्र जायसवाल, संतोष कुमार शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, नमोनारायण अवस्थी एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

#### इटालियन कपल हनीमून मनाने जैसलमेर आया

# भारतीय संस्कृति से खुश मतिया और मेडेलीन फिर लेंगे 7 फेरे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए वर्ल्ड मैप पर पहचान रखने वाले राजस्थान के कल्चर को भी विदेशी खासा पसंद करते हैं। यहां के पारंपरिक रीति-रिवाज से होने वाली शादियां देश-विदेश में काफी पॉपुलर हैं। इसलिए कई विदेशी कपल राजस्थान आकर शादी करते हैं। ऐसे ही एक शादी इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। जैसलमेर में 28 सितंबर को यह शादी होगी। इसमें एक इटालियन कपल इंडियन ट्रेडिशन में सात फेरे लेगा। इटली के इस कपल की शादी की रस्में शुरू हो गई है। बकायदा शादी के कार्ड छपवाए गए हैं और गाना बजाना भी हो रहा है। 28 सितंबर को फेरे लेने वाला विदेशी जोड़ा पिछले 25 साल से भारत आ रहा है और हिंदुस्तानी रीति-रिवाज काफी पसंद करता है। खास बात है कि एक मुस्लिम युवक ने भाई बनकर वधू पक्ष की ओर से सारे इंतजाम किए हैं। जैसलमेर के अशरफ अली ने बताया कि इटली की रहने वाली एलिन सोफिया मेडेलीन बोमग्रेन और उनके पति मतिया एस्पोसीतो बुधवार को हिंदुस्तानी रीति-रिवाज से 7 फेरे लेंगे। उन्होंने बताया कि एलिन को वे अपनी बहन मानते है और करीब 11 साल से जानते हैं। एलिन को इंडियन नेम कविशा भी उन्होंने ही दिया है। कविशा को इंडिया से काफी लगाव है और वह हमेशा जैसलमेर आती है।

### वापस से करेंगे शादी

**कविशा** ने पिछले साल इटली में शादी की थी। अब वह हनीमून मनाने जैसलमेर आई है। कविशा को इंडियन कल्चर काफी पसंद है। इस कारण उन्हें यहां के रीति-रिवाज से शादी करने का आईडिया। एक भाई होने के नाते बहन की शादी में मायरा देने का सपना भी पूरा होगा। 25 साल से इंडिया आने के कारण कविशा का भी यहां के ट्रेडिशन और परम्पराओं से काफी जुड़ाव रहा है। उन्होंने बताया कि मैं एक मुस्लिम हूं, लेकिन मैं चाहता हूं कि भारतीय रीति-रिवाज जो असल हिंदुस्तान की पहचान है। उसी के अनुसार उनकी शादी हो। जो इन दोनों के लिए यादगार रहे।

### हल्दी से लेकर मायरे की रस्म

**अशरफ** अली ने बताया कि शादी के लिए हमने बाकायदा कार्ड छपवाए हैं। महिला संगीत से लेकर हल्दी,मायरा समेत सभी रस्म अदा की जाएगी। 28 सितंबर को एक रेस्टॉरेंट में पंडित मन्त्रोच्चार के साथ इटलियन कपल को 7 फेरे का वचन दिलवाएंगे। इससे पहले कविशा के दोस्तों और कपल ने सोमवार को प्री-वैडिंग की रस्में भी निभाईं।

### हिन्दी बोलती है इटली की कविशा

**कविशा** ने बताया कि वो 25 सालों से भारत से जुड़ी है। अच्छे से हिंदी बोलना भी आता है। लाल जोड़े में सिर पर दुपट्टा रखे कविशा ने बताया कि हिंदुस्तानी रीति-रिवाज बहुत पसंद है। जब भाई अशरफ ने हिंदुस्तानी रीति-रिवाज से शादी करने का ऑफर दिया तो, वह खुद को रोक नहीं पाई। पति मतिया एस्पोसीतो भी राजी हो गए। कविशा के पति मतिया म्यूजिशियन है।

**ANCHOR** मिडिल क्लास के टॉपर स्टूडेंट्स को कराएगा जिले से बाहर का भ्रमण

# साइंस-मैथ के टॉपर्स को दिल्ली घुमाएगा शिक्षा विभाग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**दौसा।** जिले के सिकराय ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले टॉपर स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। गणित एवं विज्ञान विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मिडिल एवं सैकंडरी स्तर के 10-10 स्टूडेंट्स को समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों के द्वारा 3 दिन के लिए ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों की यात्रा का तोहफा मिलेगा।

सीबीईओ ने हाल ही में मिडिल एवं सैकंडरी स्तर के 10-10 टॉपर स्टूडेंट्स की सूची तैयार कर जिला स्तर के अधिकारियों को भेजी है। माध्यमिक शिक्षा के स्टूडेंट्स को दिल्ली एवं प्राथमिक शिक्षा के बच्चों को जिले से बाहर पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों का निःशुल्क भ्रमण कराया जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक से मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर के स्कूलों में गणित एवं विज्ञान विषयों के टॉप 10 स्टूडेंट्स की लिस्ट मांगी थी। जिस पर हाल ही में सीबीईओ ऑफिस से सिकराय ब्लॉक के टॉप 20 स्कूलों से एक -एक स्टूडेंट के नाम एडीपीसी को भिजवाए हैं।

जिन्होंने दोनों विषयों में ब्लॉक में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। माध्यमिक स्तर के स्टूडेंट्स को प्रदेश से बाहर एवं मिडिल स्तर के 10 बच्चों को जिले से बाहर 3 दिवसीय भ्रमण कराया जाएगा। इन बच्चों की सुरक्षा एवं देखरेख के लिए 3-3 शिक्षकों की टीम भी साथ जाएगी। जिनमें एक महिला टीचर भी शामिल होगी।

### इन स्कूलों के टॉपर बच्चों का चयन

कक्षा 6 से 8 में गणित-विज्ञान विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गढ़ोरा स्कूल से मनोज मीना, बहरावंडा से छोटेलाल सैनी, बाढ़ बहरावंड़ा से अजीत बैरवा, भराव से कृष्णा मीना, बेसिक गीजगढ़ से नताशा अग्रवाल, राव मालियों की ढाणी फर्राशपुरा से कविता गुर्जर, महात्मा गांधी गीजगढ़ से अनुशा शर्मा, जयसिंहपुरा से रोहिताश मीना, जोध्या से संदीप मीना तथा बूजोट स्कूल से खुशी वैष्णव का चयन किया गया है।इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 में पाड़ली स्कूल से चायना बानो, पीलोड़ी से बबीता बैरवा, पांचोली से आरती योगी, हींगवा से नीलेश मीना, नाहरखोहरा से सुमन महावर, नामनेर से प्रिया बैरवा, सिकराय से अरिहंत जैन, नांदरी से सोनम मीना, मीना सीमला से सपना मीना, बालिका सिकराय से वीनू प्रजापत का चयन किया गया है।

### 10-10 टॉप विद्यार्थी शामिल कर सूची भिजवाई

अभियान के ब्लॉक प्रभारी चेतराम मीना का कहना है कि गणित एवं विज्ञान विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मिडिल एवं सैकंडरी स्कूलों के 10-10 विद्यार्थियों की सूची तैयार कर समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय को भिजवाई गई है। सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को 30 अक्टूबर से पहले 3 दिवसीय भ्रमण कराया जाएगा। सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों को दिल्ली एवं मिडिल स्तर के विद्यार्थियों को जिले से बाहर निःशुल्क घूमने का अवसर मिलेगा।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

#### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

# आशा पारेख को फाल्के पुरस्कार

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कटी पतंग, मेरा गाँव मेरा देश और लव इन टोक्यो जैसी यादगार फिल्मों में भूमिका निभाने वाली हिंदी रजतपटल की अपने समय की महान अभिनेत्री आशा पारेख को वर्ष 2020 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुश्री पारेख को यह पुरस्कार नयी दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में 30 सितंबर को प्रदान करेंगी। 52वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के निर्णायक मंडल के इस निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादासाहेब फाल्के चयन जूरी ने आशा पारेख जी को भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय जीवन भर के योगदान के लिए मान्यता और पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।"श्री ठाकुर ने यह भी घोषणा की कि 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 30 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे और इसकी अध्यक्षता भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। आशा पारेख ने फिल्मों में अभिनय के अलावा निर्देशक और निर्माता की भूमिका में भी भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया। उन्होंने सिनेमा और नृत्यकला प्रेमियों के मन पर एक कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में भी अपनी अमिट डाली है।

## जागरूक खबरें

### ■ डेयरी खरीदेगी 86 रूपये लीटर दूध-जाट

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चित्तौड़-प्रतापगढ़ डेयरी आगामी नवरात्री से किसानों को तोहफा देते हुए 810 रूपये किलो फेट से दूध खरीदेगी। डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट ने बताया कि यदि कोई पशुपालक 10 की फेट का दूध सरस डेयरी को बेचता है तो फेट के अनुसार 81 रूपये डेयरी एवं दूध उत्पादक संबल योजना से 5 रूपये प्रति लीटर मुख्यमंत्री अनुदान राशि के साथ पशुपालकों को 86 रूपये प्रति लीटर मूल्य मिलेगा। जो कि चित्तौड़गढ़ डेयरी बनने के बाद अब तक की सर्वाधिक दर है। वर्तमान में चित्तौड़ डेयरी में प्रतिदिन 1 लाख 80 हजार लीटर दूध आ रहा है। डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट ने बताया कि डेयरी के दूध की बिक्री 70 हजार लीटर ही है, फिर भी पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए खरीदी की रेट वृद्धि करना अपने आप अब तक का सबसे बड़ा निर्णय माना जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्षाकाल में दूध बढ़ता है लेकिन खपत कम होती है, फिर भी रेट बढ़ाने के निर्णय से पशुपालकों को अपेक्षानुरूप लाभ होगा। डेयरी चेयरमेन ने बताया कि पशुपालकों के हित में डेयरी द्वारा अनेक योजनाओं को लागू करते हुए जिले में श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने के लिये भरसक प्रयास किये जा रहे है, जिन्हें आगे भी जारी रखा जायेगा।

### ■ राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** अजमेर रोड स्थित श्री एडवोकेट चैंबर पर बेटी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिक्षाविद कैलाश चंद्र पाराशर के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि आज लोग बेटियों को भी उतना मान देते हैं जितना मान बेटों के लिए चाहते हैं। साथ ही चेंबर के संस्थापक विजेंद्र पाराशर एडवोकेट ने बताया कि सितंबर माह के चौथे रविवार को राष्ट्रीय बेटी दिवस संपूर्ण भारत देश में मनाया जाता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### ■ 8 साल की बच्ची ने बनाया ऐप

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** दुबई में रहने वाली 8 वर्षीय भारतीय लड़की हाना ने आइओएस ऐप विकसित कर एप्पल के सीइओ टिम कुक को हैरत में डाल दिया। यह एप्पल ऐप स्टोर लिस्टेड है। ऐप पर बच्ची ने खुद को सबसे कम उम्र की एप्पल आइओएस डेवलपर बताया है। हाना ने बताया कि उसने कुक को ईमेल लिखा कि उन्होंने ऐप के लिए 10,000 से ज्यादा लाइन कोड लिखे हैं। ईमेल पर संदेश पढ़ने के बाद कुक ने लिखा कि हाना, इतनी कम उम्र में आपकी प्रभावशाली उपलब्धियों के लिए बधाई! इसे जारी रखें और आप भविष्य में आश्चर्यजनक काम करेंगी।

### ■ महाकाल कॉरिडोर का नाम होगा महाकाल लोक

**उज्जैन @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महाकाल कॉरिडोर का नाम अब महाकाल लोक होगा। चौहान ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने सम्बोधन में कहा कि श्री महाकाल परिसर का विस्तार करने की योजना थी। इसके लिए प्रारम्भिक चरण में नागरिकों और मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनके सुझाव लेकर योजना बनाई गई।

### 15 दिवसीय श्रीराम आदर्श रामलीला : बारात में उमड़े शहर के लोग, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

# श्रीराम विवाह में किन्नर अन्नूबाई ने दिया 1.11 लाख कन्यादान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** चौमूं शहर के मुख्य बाजार स्थित चौपड़ में 15 दिवसीय श्रीराम आदर्श रामलीला मंडल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री रामलीला आदर्श मंडल की ओर से प्रतिदिन अलग-अलग सजीव झांकियां सजाकर रामलीला का आयोजन किया जाता है। रविवार रात को राम-सीता का विवाह संपन्न करवाया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम की बारात शहर के पुरोहितों के मोहल्ले स्थित जानकी नाथ मंदिर से रवाना होकर मुख्य बाजार आदर्श रामलीला मंडल कार्यक्रम में पहुंची। जहां पर वधू पक्ष की ओर से बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर हाइड्रोलिक रोलिंग स्टेज पर वरमाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। और इसी के साथ विवाह संपन्न प्रक्रिया पूरी हुई। इस मौके पर पंडाल परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और आतिशबाजी कर बारात का स्वागत किया गया।



### किन्नर अन्नू बाई का किया सम्मान

इस मौके पर किन्नर समाज की ओर से अन्नू बाई द्वारा राम-सीता के विवाह में कन्यादान के रूप में एक लाख 11 हजार रुपए का कन्यादान किया गया। इस मौके पर आदर्श रामलीला मंडल समिति की ओर से किन्नर अन्नू बाई का शॉल ओढ़ाकर और राम दरबार की फोटो भेंट कर सम्मान किया गया। आदर्श रामलीला मंडल समिति के अध्यक्ष कालूराम जाट एवं मंत्री गोपाल रेवड़का ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार में करीब 50 साल से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। शहर के रेलवे स्टेशन स्थित स्कूल मैदान में विजयादशमी के दिन शहर के मुख्य बाजार से शोभायात्रा निकाली जाएगी और इसी के साथ भगवान श्री राम की भव्य झांकी सजाकर रावण का वध करने के लिए पहुंचेंगे।

### घर-घर हुई घटस्थापना

**चौमूं** शहर के जयपुर रोड स्थित मां नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर में शारदीय नवरात्रों में स्थापना के साथ शुरुआत की गई और इस दौरान शारदीय नवरात्रों में घर-घर घटस्थापना की गई। लोगों ने विधि-विधान पूजा-अर्चना कर मां नव दुर्गा की पूजा की। और परिवार की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी और फूलों की भव्य झांकी से सजाया गया। वहीं मंदिर में सुबह 101 दीपों की आरती के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।

# उपखण्ड और नपा क्षेत्र में पत्रकार आवास योजना के लिए अभियान चलाएगा जार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भवानी मंडी।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जिला झालावाड़ इकाई की ओर से पत्रकार सम्मेलन व वरिष्ठ पत्रकार सम्मान कार्यक्रम में पत्रकारों के मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी ने कहां कि वर्तमान में पत्रकारों के सामने विकट संकट बना हुआ है। आएदिन पत्रकारों पर हमले हो रहे है। उचित मानदेय नहीं देने और वेजबोर्ड लागू नहीं होने से पत्रकारों के सामने आर्थिक संकट बना हुआ है। पत्रकारों के हक के लिए संगठित होकर लड़ना होगा। नहीं तो मीडिया पर हावी बाजारवाद पत्रकार समाज के समक्ष ओर अधिक परेशानी खड़ा करेगा। हमें उचित मानदेय, पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आवास योजना आदि के लिए लड़ना होगा। जार प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि राजस्थान में पत्रकारों के मुद्दों के लिए जार सबसे आगे होकर कार्य कर रहा है। इस मौके पर भवानीमंडी नगरपालिका चेयरमैन ने पत्रकार आवास की घोषणा की। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों के अलावा प्रदेशभर से पत्रकार उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का हुआ आयोजन

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ अनीता रायसिंघानी ने इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का मतलब है आपके अंदर सेवा की भावना है। आप अनेक सेवा कार्यों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बना सकते हो। डॉ शिखा माथुर ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों से कहा कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े और महाविद्यालय और गोद लिए गए गांव में सेवा कार्य करके पढ़ाई के साथ-साथ सेवा गतिविधियों को भी जीवन चर्या में शामिल करें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ नीता चौहान ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है और इसके उद्देश्य क्या है इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि उन्हें मैं नहीं आप के सिद्धांत पर जो राष्ट्रीय सेवा योजना का मोटो वाक्य है, उस पर चलना चाहिए और मिलजुल कर सेवा कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीता चौहान एवं धन्यवाद डॉ कीर्ति चौधरी के द्वारा किया गया।

### यातायात पुलिस ने काटे 80 चालान,1 वाहनों को किया सीज

# बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों की खैर नहीं!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** शहर में बिना हेलमेट पहनकर बाइक चलाने वालों की अब खैर नहीं है। बाड़मेर पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव के निर्देशानुसार बालोतरा यातायात सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशों पर शहर में बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत बीते दिनों यातायात प्रभारी पप्पाराम एवं पूरी टीम ने यातायात पुलिस सहायता केंद्र के आगे कार्रवाई करते हुए 80 बाइक सवारों के चालान काटे और 1 वाहन सीज किया। आपको बता दें कि बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। यातायात प्रभारी पपाराम ने बताया कि शहर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके साथ साथ नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर, बाइक पर तीन सवारी बिठाने पर, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर सहित सभी प्रकार के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिना नंबर प्लेट लगी बाइकों को सीज किया जा रहा है। वहीं कुछ बाइक सवार पुलिस के रुकवाने के बाद भी नहीं रुकते और बाइक को तेज चला कर वहां से फरार हो जाते हैं, यातायात प्रभारी पप्पाराम ने बताया कि ऐसे बाइक सवारों के खिलाफ अलग से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।वहीं यातायात प्रभारी चालानी कार्रवाई के साथ-साथ बाइक सवारों से निवेदन करते हैं कि अब वह हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं। वहीं यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और वाहन चालक यातायात पुलिस को देखकर अन्य रास्तों होकर जाते हुए देखे गए। यातायात पुलिस के स्पेशल अभियान से बाइक सवार अब यातायात नियमों की पालना करते हुए और हेलमेट लगाकर बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं।

# 180 रक्त वीरों ने किया रक्तदान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमू।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें पंडित छोटी लाल शास्त्री ने मंत्र उच्चारण कर विधि-विधान से आगंतुक अतिथियों ने मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित किया प्रदेश प्रवक्ता विष्णु कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष (राज्य मंत्री) महेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा एवं समाजसेवी राजेंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम में डॉ राहुल शर्मा एवं विजय यादव ने आगंतुक अतिथियों एवं रक्त दाताओं का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। शिविर में 180 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। प्रदेशाध्यक्ष तिवाडी ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ राम प्रकाश शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) नारायण लाल शर्मा, डॉ अजीत सिंह शेखावत, डॉ आर के सैनी, डॉ आशुतोष कौशिक, शिक्षाविद् सुरेंद्र कुमार यादव, छात्र नेता अनुराग शर्मा, आशीष भारद्वाज आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सी बी ई ओ ने किया निरीक्षण



**पारा @ जागरूक जनता।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय काली तलाई खेड़ा का निरीक्षण सी बी ई ओ सावर अंजना शुभम ने किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामलाल गुर्जर ने बताया कि सीबीईओ ने राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की वर्क बुक चेक की तथा विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे उन्होंने उपरोक्त योजना के ऐप के बारे में भी जानकारी दी तथा उन्होंने अध्यापकों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा भी की इस दौरान प्रधानाध्यापक रामलाल गुर्जर,शिक्षक प्रेमचंद जांगिड़, सुभाष उपाध्याय, मीनाक्षी शर्मा, चंचल शर्मा, सुनीता मीना,कमलेश शर्मा उपस्थित थे।

## सुकन्या मेले का हुआ आयोजन



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** आजादी के अमृतोत्सव के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि महोत्सव के तहत केकड़ी उप डाकघर के प्रांगण में ब्यावर मंडल की तरफ से एक विशाल सुकन्या मेले का आयोजन रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वी.एस. जैन एडिशनल डायरेक्टर प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, कैलाश चौधरी एडिशनल डायरेक्टर द्वितीय क्षेत्रिय कार्यालय अजमेर, विशिष्ट अथिति सुधांशु शर्मा आईपी–II क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, कमलेश कुमार प्रजापत अधिक्षक डाकघर ब्यावर चंद्रेश मीणा उप अधीक्षक उपमंडल ब्यावर, सुमेर सिंह निरीक्षक डाकघर नसीराबाद, भूर सिंह निरीक्षक केकड़ी, पियूष जैन CI मंडल ब्यावर, मण्डलन कार्यालय टीम, सीपी पारीक पोस्टमास्टर केकड़ी, गोविंद पोस्टमास्टर ब्यावर, जाहिद मियां उपडाकपाल पारा, मोहन डाकपाल सहित समस्त डाक सहायक एमटीएस, ग्रामीण डाक सहायक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहें। मेले में सुकन्या योजना के महत्व और लाभ के बारे में बताया गया। मंडल द्वारा इस सुकन्या महाअभियान के तहत 3500 खाते खोले गए पूरे क्षेत्रीय स्तर पर ब्यावर मंडल प्रथम स्थान पर रहा।

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** 12 चौकी कोली समाज द्वारा दिनांक 19 नवंबर 2021 को ग्राम जूनिया में आयोजित विवाह सम्मेलन में आय व्यय की निष्पक्ष जांच करवाने के संदर्भ में उपखंड अधिकारी को कोली समाज द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सम्मेलन में समाज द्वारा मनोनीत अध्यक्ष कालूराम, सचिव सत्यनारायण, कोषाअध्यक्ष भंवरलाल वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मूलचंद, संरक्षक महावीर प्रसाद से समाज द्वारा इकट्ठा हुए चंदे का आय व्यय का ब्यौरा मांगा गया तो अध्यक्ष सचिव द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा देने में आनाकानी की गई। उक्त अध्यक्ष व सचिव द्वारा फर्जी समिति का गठन करके फर्जी बिल बनाकर प्रस्तुत कर दिए गए जो कि सरासर गलत एवं झूठ है। जब समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विरोध किया तो तथाकथित अध्यक्ष के भाई मनोहर लाल ने समाज के प्रतिष्ठित कई व्यक्तियों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। उपरोक्त मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए ज्ञापन देने के दौरान कोली समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मूलचंद कोली, भागचंद, महावीर जुनिया, भंवरलाल देवगांव, भोजराज देवगांव, कैलाश टोडारायसिंह, कन्हैया लाल बघेरा, मदन बघेरा, ताराचंद केकड़ी सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

## कला वर्ग में छात्राओं ने मारी बाजी



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** अजमेर रोड स्थित लॉर्ड तिरूपति महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने बाजी मारी है । संस्था का कला वर्ग में भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।संस्था के सचिव महेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बीए पार्ट तृतीय में कुल 122 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 71 प्रथम श्रेणी ,51 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। संस्था सचिव ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष कला वर्ग में अंशिता वैष्णव पुत्री सतीश कुमार वैष्णव 73.50 प्रतिशत प्रथम स्थान, शिमला जाट पुत्री गोपाल जाट 71.33 प्रतिशत द्वितीय स्थान, सोनिया सैनी पुत्री प्रहलाद सैनी 71.16 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। संस्था के वरिष्ठ लिपिक दुर्गा लाल कुमावत ने बताया कि वर्तमान सत्र में बीए पार्ट फर्स्ट एवं बीएससी पार्ट प्रथम वर्ष के प्रवेश प्रारंभ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता शंकर लाल मेघवंशी, आशीष लक्षकार, लाल चंद साहू, केदार जाट, अनिल कुमार वर्मा, पहलाद कुमावत, दुर्गा लाल कुमावत, सुरेश कुमावत, सीपी शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा सहित मौजूद थे।

## भारत को जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें केकड़ी क्षेत्र के कनिष्ठ वर्ग में 15 विद्यालय एवं वरिष्ठ वर्ग में 18 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पर केकड़ी प्रधान होनहार सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे साथ ही विशिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य योगेश आचार्य सावर शाखा अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह शक्तावत रहे। प्रकल्प प्रभारी राजेन्द्र न्याति ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम पांच राउंड द्वारा घोषित किया गया जिसमें शाखा स्तर पर कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान सुधासागर विद्या विहार के अनंत भगत व दक्ष चौधरी व द्वितीय स्थान पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय केकडी की अदिति आछेरा व राज राजेश्वरी राठौड़ एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकडी के विनायक शर्मा व माधव कुमार पारीक व द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजगरा के छात्र युवराज चारण व कोमल कुमारी धाकड़ विजाते रहे। प्रथम विजाते टीम प्रान्त स्तर पर 18 अक्टूबर को किशनगढ में भाग लेगी। प्रतियोगिता का संचालन सचिव रामधन प्रजापति ने किया। परिषद अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर परिषद सदस्य सर्वेश विजय हीरालाल सामरिया राकेश तोषनीवाल रामनिवास जैन बहादुर सिंह डॉ. आदित्य उदयवाल दिनेश वैष्णव डॉ. विष्णु तेली भगवान माहेश्वरीसहित सावर शाखा से सचिव सत्येंद्र राव व जयन्त जैन उपस्तिथ थे।

## राष्ट्रीय दशहरा मेले का रंगारंग आगाज

**कोटा @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय दशहरा मेले का रंगारंग आगाज आशापाला माताजी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दशहरा मैदान में श्रीराम रंगमंच पर आयोजित उद्घाटन समारोह में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने वर्चुअली शिरकत की। समारोह में लोक गायक गाजी खान व टीम ने शानदार प्रस्तुतियां दी। मेला 21 अक्टूबर तक चलेगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती बूथ स्तर पर हर्षोल्लास से मनाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**केकडी।** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल जी की जयंती बूथ स्तर पर मनाई गई। केकड़ी 25 सितंबर जनसंघ के संस्थापक भारतीय जनता पार्टी के वटवृक्ष प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी केकड़ी शहर मंडल द्वारा बूथ स्तर पर मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सुशासन संकल्प के स्टीकर व पंपलेट वितरित कर बूथ स्तर पर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान में किए गए। प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज देश में भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करने वाली नरेंद्र मोदी के सरकार के कार्यों को घर-घर पहुंचाएं तथा आने वाले समय में भी प्रबल राष्ट्रवाद की समर्थक शक्तिशाली भारत के निर्माण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। इस मौके पर भाजपा आयोजित बूथ स्तर के कार्यक्रमों में भाजपा अजमेर देहात जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी मंडल अध्यक्ष अनिल राठी महामंत्री अर्जुन सिंह शक्तावत कमल सांखला किसान मोर्चा जिला मंत्री धनराज चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम कंवर, दमीन्ति जोशी, अनिता राठीशक्ति केंद्र संयोजक ज्ञान प्रकाश राठी, बूथ अध्यक्ष सुरेश कुड़ी विनोद विजय अटल शर्मा,रविंद्र सिंह, महावीर राठी,पार्षद प्रीति जैन मंडल मंत्री प्रीतम जैन,सुरेश सेन, जिला महामन्त्री रायचंद् बागड़ी, एस सी मोर्चा जिला महामन्त्री धनराज नायक, मंत्री प्रीतम जैन, बूथ अध्यक्ष पार्षद सुरेश साहू, मिश्रीलाल दर्शनीय लोकेश साहू उदयपुर कस्ट जिला संयोजक अनिल मित्तल भाजपा नेता राजेंद्र विनायका पप्पू माली बंटी माली रतनलाल कच्छावा सुरेश बोयत, सुरेश सैनी,भाजपा नेता दशरथ साहू, गजेन्द्र पाराशर, सत्तू माली, विकास जांगिड, प्रधान सैनी, रामदेव माली, महावीर वैष्णव,छोटू रेगर, प्रधान चौधरी, अमन सोनी दमयंती सेन सहित कई कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

# अनास नदी पर 182.56 करोड़ की लागत से बनेंगे एनिकट व पुल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा के गराड़िया में अनास नदी पर एनिकट व पुल बनाने के लिए 182.56 करोड़ रूपए के बजट को मंजूरी दी है। गहलोत की इस मंजूरी से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने 152.56 करोड़ रूपए की लागत से गराड़िया एनिकट का निर्माण व 30 करोड़ रूपए की लागत से डूब क्षेत्र में आने वाले महुड़ी पुल के नवीन निर्माण हेतु यह स्वीकृति दी है। एनिकट के माध्यम से नदी के व्यर्थ बहने वाले पानी को रोककर कृषि कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट भाषण 2022-23 में बांसवाड़ा में अनास नदी पर गराड़िया एनिकट निर्माण की घोषणा की थी।

# दिव्यांग कन्याओं के ऑपरेशन का विशेष शिविर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान में शुभ मुहूर्त में नवरात्रि घट स्थापना की गई 7 संस्थापक चेयरमैन कैलाश 'मानव' ने कहा की नवरात्रि के दौरान 501 दिव्यांग कन्याओं के दिव्यांगता निवारण हेतु निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस अवसर संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल व वंदना अग्रवाल के साथ दिव्यांग बालक-बालिकाओं ने माँ दुर्गा प्रतिमा की महाआरती की । उन्होंने बताया कि दुर्गाष्टमी पर कन्या पूजन का विशाल आयोजन होगा।

# पूर्वज स्मृति साहित्यिक सप्ताह आयोजित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा पितृ पक्ष में पूर्वजों को स्मरण करने तथा साहित्यिक श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से ऑनलाइन पूर्वज स्मृति साहित्यिक सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय - पूर्वज और उनकी शिक्षाएं' रखा गया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने पूर्वजों के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित अपनी श्रद्धा भरपूर रचनाओं को प्रस्तुत कर पूर्वजों के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा तथा आदर भाव को प्रकट किया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में सावित्री मिश्रा (झारसुगुड़ा, ओड़िशा), भारती राय (नोएडा, उत्तर प्रदेश) तथा सुषमा पांडे (बोकारो, झारखंड) की रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत पूर्वज आशीष' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने पितृ पक्ष के महत्व के बारे में बताते हुए युवा पीढ़ी के लोगों से पूर्वजों की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने को कहा और साथ ही पूर्वज स्मृति साहित्यिक सप्ताह में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23




संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039